दैनिक
# नवयतन
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 23 | सीकर, शनिवार 21 मार्च 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## आज मनाई जाएगी ईद, देशभर में सुरक्षा बढ़ाई गई



नई दिल्ली।

ईद-उल-फितर के जश्न के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है, क्योंकि इस त्योहार से पहले, रमजान के आखिरी दिन नमाज अदा करने के लिए नमाजी इकट्ठा हुए। धर्मगुरुओं ने घोषणा की है कि भारत में ईद-उल-फितर शनिवार को मनाई जाएगी, क्योंकि गुरुवार शाम को चांद नहीं दिखा। हालांकि, केरल में यह त्योहार शुक्रवार को ही मनाया गया। उत्तराखंड में हरदोई के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अशोक कुमार मीणा ने कहा कि ईद-उल-फितर त्योहार और चल रही चैत्र नवरात्रि को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। आज की 'अलविदा नमाज' के लिए हम कई जगहों पर फ्लैग मार्च कर रहे हैं और सभी मस्जिदों पर पुलिसकर्मी भी तैनात किए हैं। जिले को सेक्टरों और जोन में बांटा गया है। कहीं भी कोई दिक्कत नहीं है। हम किसी भी तरह के असामाजिक तत्वों पर भी नजर रख रहे हैं।

दिल्ली के उत्तम नगर में भी भारी पुलिस तैनाती देखी गई, जिसके बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने एक निर्देश जारी कर इलाके की पुलिस और सिविल प्रशासन को ईद के त्योहारों के दौरान सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का आदेश दिया। सुरक्षा उपायों के तहत रूट मार्च करने के बाद, उत्तर प्रदेश के मऊ के एसपी श्री एलमारन जी ने कहा कि हम पूरी गश्त और चेकिंग कर रहे हैं। सिविल वर्दी में तैनात पुलिसकर्मियों के अलावा, प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) के जवान भी तैनात किए जाएंगे। हमने जिला और पुलिस, दोनों स्तरों पर सभी के साथ बैठकें की हैं।

## वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में भारत लिख रहा निर्णायक अध्याय : पीएम मोदी



नई दिल्ली

पीएम मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में भारत एक निर्णायक अध्याय लिख रहा है, जो कि विद्युतीकरण की तरफ रुझान, स्वच्छ ऊर्जा और मैन्युफैक्चरिंग पर केंद्रित है। पीएम मोदी ने विद्युत एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक द्वारा लिखित एक आर्टिकल शेयर किया, जिसमें भारत के ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे तेज बदलाव के बारे में बताया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी ने कहा कि देश का ऊर्जा परिवर्तन व्यावहारिक नीतिगत निर्णयों और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करने के द्वारा निर्देशित है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा क्षमता बढ़ाने, विद्युतीकरण को बढ़ावा देने और घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने के भारत के प्रयास इसे वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरने में मदद कर रहे हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा,केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने बताया है कि भारत का ऊर्जा परिवर्तन व्यावहारिक नीति और आत्मनिर्भरता की दिशा में स्पष्ट प्रयास से प्रेरित है। पीएम मोदी ने आगे कहा,विद्युतीकरण, स्वच्छ ऊर्जा और विनिर्माण पर विशेष ध्यान देने के साथ, भारत वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में एक निर्णायक अध्याय लिख रहा है। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा लिखे गए आर्टिकल को शेयर करते हुए पीएम मोदी ने पाठकों से आग्रह किया कि वे इस लेख को पढ़ें ताकि उन्हें भारत की ऊर्जा नीतियों की सटीक जानकारी मिल सके, जो एक विकसित भारत का वादा करती हैं।पीएम मोदी ने कहा, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर इस बात पर विचार रख रहे हैं कि भारत किस प्रकार एक मजबूत ऊर्जा इको-सिस्टम को शक्ति प्रदान कर रहा है और भविष्य की जरूरतों के लिए एक स्थायी वातावरण का निर्माण कर रहा है।

# प्रीमियम पेट्रोल 2.35 प्रति लीटर तक महंगा



## भोपाल में दाम 117 रु प्रति लीटर तक हुए, इंडस्ट्रियल फ्यूल की कीमत 25% बढ़ी

नई दिल्ली।

सरकारी तेल कंपनियों ने आज यानी 20 मार्च को स्पीड और पावर जैसे प्रीमियम पेट्रोल की कीमतें 2.09-2.35 प्रति लीटर तक बढ़ा दी है। भोपाल में इसकी कीमत बढ़कर करीब 117 रुपए पहुंच गई है। सामान्य पेट्रोल की कीमत में बदलाव नहीं हुआ है। भारत पेट्रोलियम यानी बीपीसीएल प्रीमियम पेट्रोल को स्पीड नाम से बेचता है। वहीं हिंदुस्तान पेट्रोलियम यानी एचपीसीएल इसे पावर और इंडियन ऑइल यानी IOCL XP95 के नाम से इसे बेचता है। ये सामान्य पेट्रोल के मुकाबले करीब 10-12 रुपए महंगा होता है। इसके अलावा इंडियन ऑयल ने अपने इंडस्ट्रियल फ्यूल की कीमत में भी 25% की बढ़ोतरी की है। इसके दाम 87.67 प्रति लीटर से बढ़कर अब 109.59 प्रति लीटर हो गए हैं।

### सामान्य और प्रीमियम पेट्रोल में ऑक्टेन वैल्यू का अंतर

सामान्य और प्रीमियम पेट्रोल में मुख्य अंतर इनके ऑक्टेन नंबर का होता है। प्रीमियम पेट्रोल का ऑक्टेन लेवल ज्यादा होता है जो इंजन को नॉकिंग (झटके) से बचाकर बेहतर परफॉर्मेंस और लंबी लाइफ देता है। प्रीमियम पेट्रोल के दाम इसलिए ज्यादा होते हैं क्योंकि इसकी रिफाइनिंग प्रोसेस महंगी है और इसे बनाने के लिए खास एडिटिव्स का इस्तेमाल होता हैं।

### प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी का कारण...

प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में इजाफे के पीछे मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और प्रीमियम फ्यूल में मिलाए जाने वाले एडिटिव्स की लागत बढ़ना माना जा रहा है। सामान्य पेट्रोल के मुकाबले यह पहले से ही 5 से 10 रुपए महंगा था। पेट्रोल की कीमतों में यह बढ़ोतरी कच्चा तेल महंगा होने और प्रीमियम फ्यूल में मिलाए जाने वाले एडिटिव्स की लागत बढ़ने को माना जा रहा है। ईरान जंग की वजह से क्रूड ऑयल के इंडियन बास्केट के दाम 70 डॉलर से बढ़कर 156 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गए हैं। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि क्रूड की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं। इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अगर कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय तक तेजी बनी रहती है तो सामान्य पेट्रोल-डीजल की कीमतें भी बढ़ाई जा सकती हैं।

प्रीमियम फ्यूल की बिक्री कुल पेट्रोल बिक्री का एक छोटा हिस्सा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि प्रीमियम कैटेगरी के पेट्रोल में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन यह बेचे जाने वाले कुल पेट्रोल का केवल 3-4% ही है।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- पत्नी नौकरानी नहीं, लाइफ पार्टनर है

### खाना नहीं बनाती तो क्रूरता नहीं, पति भी बराबर की जिम्मेदारी निभाए

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तलाक से जुड़े मामले की सुनवाई में कहा, 'पत्नी का खाना न बनाना या घरेलू कामकाज ठीक से न करना क्रूरता नहीं माना जा सकता।'

जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच ने कहा- अब समय बदल चुका है और पति को भी घर के कामों में बराबर की जिम्मेदारी निभानी होगी। जस्टिस मेहता ने कहा- आप नौकरानी से शादी नहीं कर रहे, बल्कि जीवनसाथी से कर रहे हैं। जस्टिस नाथ ने कहा- आज के समय में पति को भी खाना बनाना और घर के काम करना चाहिए।

**सुनवाई में पति-पत्नी को व्यक्तिगत पेश होने का निर्देश**- बेंच ने इस केस में अंतिम फैसला नहीं सुनाया है। मामले की अगली तारीख पर पति-पत्नी को सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का कहा है। पहले भी इस केस को



मेडिएशन में भेजा गया था, लेकिन समझौता नहीं हो सका। वहीं, मामले में फैमिली कोर्ट ने पति के पक्ष में फैसला दिया था। हाईकोर्ट ने फैसला रद्द किया। बाद में पति ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई।

**पति का आरोप- शादी के बाद पत्नी का व्यवहार बदला**- दरअसल, इस मामले में पति ने क्रूरता के आधार पर तलाक की मांग की थी। उसका कहना था कि शादी के एक हफ्ते बाद ही पत्नी का व्यवहार बदल गया। उसने आरोप लगाया कि पत्नी गाली देती थी, खाना नहीं बनाती थी और बच्चे के जन्म के बाद उसे पालना समारोह में नहीं बुलाया।

## सरकार बोली- एलपीजी की पैनिक बुकिंग घटी, लेकिन हालात चिंताजनक

### हर दिन 55 लाख सिलेंडर की मांग, 7500 कंज्यूमर पीएनजी पर शिफ्ट हुए

नई दिल्ली।

एलपीजी संकट को लेकर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि अब पैनिक बुकिंग में कमी आई है। देशभर में गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, लेकिन हालात अभी भी चिंता वाले बने हुए हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा ने बताया कि 19 मार्च को करीब 55 लाख सिलेंडर की बुकिंग हुई। वहीं, करीब 7500 उपभोक्ता एलपीजी से पीएनजी में शिफ्ट हुए हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय की तरफ से ये बातें केंद्रीय मंत्रालयों की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही गई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि ईरान से 913 भारतीय आर्मेनिया और अजरबैजान के रास्ते वापस लौट रहे हैं।

**कालाबाजारी रोकने के लिए 4500 छाप मारे**-पेट्रोलियम मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने निगरानी बढ़ाने के लिए 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम और जिला स्तर पर



मॉनिटरिंग कमेटियां बनाई हैं। जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए देशभर में 4500 छापे मारे गए। इनमें से 1100 छापे उत्तर प्रदेश में हुए। वहीं ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 1800 सरप्राइज इंस्पेक्शन भी किए। सुजाता शर्मा ने कहा कि पिछले एक हफ्ते में करीब 11,300 टन कमर्शियल एलपीजी उपभोक्ताओं को दी गई है और 18 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में इसका आवंटन किया गया है।

**पीएम मोदी ने 5 देशों के नेताओं से बात की**- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री ने ओमान, मलेशिया, फ्रांस, जॉर्डन और कतर के नेताओं से बात की। इस दौरान वेस्ट एशिया में चल रहे संघर्ष पर भारत का पक्ष रखा। सभी नेताओं ने स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में सुरक्षित आवाजाही के समर्थन की बात दोहराई। रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ओमान के सुल्तान से भी बात की और उन्हें व वहां के लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं।

### मुख्य सचिव ने जिले में मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान का किया शुभारंभ

## ग्राम स्तर से तैयार होगा विकसित राजस्थान 2047 का रोडमैप : मुख्य सचिव

जयपुर।

राज्य के मुख्य सचिव श्री वी श्रीनिवास ने शुक्रवार को भीलवाड़ा जिले के प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्वरूपगंज में आयोजित प्रथम ग्राम सभा में भाग लेकर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अभियान की प्रगति एवं तैयारियों का जायजा लिया। मुख्य सचिव ने राजीविका स्टॉल का अवलोकन कर महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की एवं उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप तैयार किया गया है, जिसमें युवा, नारी शक्ति, गरीब एवं अन्नदाता को केंद्र में रखते हुए योजनाएं बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान माननीय मुख्यमंत्रीश्री भजनलाल शर्मा का दूरदर्शी विजन है, जिसका उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के समग्र एवं योजनाबद्ध विकास को सुनिश्चित करना है।

मुख्य सचिव ने बताया कि विकसित राजस्थान 2047 के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया गया है, जिसके तहत राज्य को सतत आर्थिक वृद्धि के साथ सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधारभूत संरचना के विकास, औद्योगिक विस्तार एवं पूंजीगत व्यय में वृद्धि पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।


भीलवाड़ा जैसे औद्योगिक जिलों में टेक्सटाइल एवं स्पिनिंग सेक्टर को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। उन्होंने अभियान की रूपरेखा स्पष्ट करते हुए बताया कि यह एक जन-केंद्रित एवं सहभागी योजना है, जिसके अंतर्गत 19 मार्च से 15 मई तक ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर व्यापक जनभागीदारी के साथ विकास योजनाओं का निर्माण किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं—जैसे पेयजल, सड़क, बिजली, स्वच्छता, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं—का विस्तृत आकलन किया जाएगा तथा तद्रूप आधारित प्लानिंग के



माध्यम से अल्पकालीन (वर्ष 2030 तक), मध्यकालीन (वर्ष 2035 तक) एवं दीर्घकालीन (वर्ष 2047 तक) विकास योजनाएं तैयार की जाएंगी।

मुख्य सचिव ने कहा कि अभियान के दौरान ग्राम स्तर से प्राप्त सुझावों को पंचायत समिति एवं जिला स्तर पर समेकित कर प्रत्येक जिले का एक विशिष्ट एवं लक्ष्य-आधारित मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। सभी योजनाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर पारदर्शिता एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

### कोबरी-सार



नवरात्रों पर विशेष

# अघोरी शैलेन्द्र नाथ माँ कामख्या की करते है विशेष पूजा

## नवमी पर करते हैं सैंकड़ों कन्याओं का पूजन

विनोद स्वामी



**मुकुंदगढ़ (नवयत्न)।** ब्रह्म बगीची स्थित कुम्भनाथ जी दरबार के महंत माँ कामख्या के परम उपासक अघोरी बाबा शैलेन्द्र नाथ महाराज नवरात्रों में विशेष पूजा अर्चना कर रहे है। अघोरी शैलेन्द्र नाथ बिना कुछ खाए पिए माँ कामाख्या की भक्ति में लगे रहते है। नवरात्रों के महीनों में दरबार में दोनों समय विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। अघोरी धूणें में विद्वान पंडितों के आचार्यत्व में प्रातः एवं सायंकालीन आहूति दी जा रही है। अघोरी शैलेन्द्र नाथ दरबार में अखंड ज्योत के सामने माँ की भक्ति में लगे रहते है।

### अघोरी शैलेन्द्र नाथ माँ कामाख्या के है उपासक

अघोरी बाबा शैलेन्द्र नाथ माँ कामाख्या के अनन्य भक्त है। 24 घंटो तक माँ कामाख्या के भक्ति में लीन रहते है। वर्ष में कई बार माँ के दरबार में पहुंचकर पूजा पाठ करते है। अघोरी बाबा शैलेन्द्र नाथ लगभग 15-16 सालों से बिना कुछ खाए पिए माँ कामाख्या की भक्ति में लगे रहते है।

### नवमी के दिन कन्याओं की करते है विशेष पूजा

अघोरी बाबा शैलेन्द्र नाथ वर्ष भर होने वाले नवरात्रों में नवमी के दिन कन्याओं की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। नवमी के दिन सैंकड़ों कन्याओं की पूजा अर्चना कर भोजन प्रसादी खिलाकर उपहार एवं दक्षिणा भेंट कर सम्मान किया जाता है। नवमी के दिन कन्याओं के लिए विशेष भोजन प्रसादी बनवाकर खिलाई जाती है। अघोरी बाबा शैलेन्द्र नाथ कन्याओं की माता के रूप में पूजा अर्चना करते है।

### गौ सेवक है अघोरी बाबा शैलेन्द्र नाथ

अघोरी बाबा शैलेन्द्र नाथ गौशाला संचालित करते है। गायों के चारे पानी की व्यवस्था शैलेन्द्र नाथ खुद ही अपने खर्चे पर करते है। वर्ष भर में कई बार जिला कलेक्टर एवं राजस्थान सरकार के मंत्री सहित अन्य अधिकारियों एवं पशु पालन विभाग की ओर से गौ शाला का समय समय पर निरीक्षण करते है। गौशाला में आवारा गायों को रखा जाता है जिनके चारे पानी की व्यवस्था गौशाला की ओर से की जाती है। गायों के लिए हरा चाराए दलिया एवं गुड़ भी समय समय पर खिलाया जाता है। अघोरी बाबा शैलेन्द्र नाथ गाय को माता के रूप में मानकर विशेष पूजा की जाती है। बाबा शैलेन्द्र नाथ बताते है। कि गौसेवा से बढकर कोई सेवा नही है। शैलेन्द्र नाथ ने भक्तों से अपील की है कि नवरात्रों एवं जन्मदिन या अन्य उत्सवों पर गौ सेवा करने का आह्वान करते हुए कहा कि गाय में 33 कोटि प्रकार के देवी देवताओं का वास होता है। इस लिए हमें गाय की विशेष पूजा अर्चना करनी चाहिए। अघोरी बाबा बताते है कि हम सभी को पहली रोटी गाय को खिलानी चाहिए।

### बाबा कौओं को शाम के समय खिलाते है भोजन

दरबार में जीवित समाधि गुमानगिरी महाराज के मंदिर के सामने कौओं के भोजन के लिए विशेष स्थान बनाया गया है। आश्रम में कौओं के लिए भोजन बनवाते है जो कि शाम के समय कौओं को बुलाकर उनको भोजन खिलाते है।

### वर्ष भर में तीन बार भण्डारा एवं कन्याभोजन का करते है आयोजन

अघोरी बाबा शैलेन्द्र नाथ वर्षभर में कुम्भनाथ दरबार, भरपूर नाथ, जीवित समाधि गुमानगिरी महाराज सहित नवरात्रों एवं अन्य उत्सवों पर कन्या भोजन एवं भण्डारें का आयोजन करते है जिसमें देश के विभिन्न स्थानों से सैकंडों साधु संत, श्रद्धालुजन प्रसादी गृहण करते है।


# रोजा इफ्तार पार्टी आयोजित



निसं

**मुकुंदगढ़ (नवयत्न)।** मण्डी स्थित चोपदारों की ढाणी में रोजा इफतार पार्टी का आयोजन किया गया। निर्वतमान प्रार्षद प्रतिनिधि हारूण चौपदार ने बताया कि मुन्ना खां चोपदार की ओर से आयोजित इफतार पार्टी में पूर्व मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शिरक्त की। कार्यकर्ताओं की ओर से पूर्व मंत्री डॉ. शर्मा का स्वागत सत्कार किया गया। मौलाना अली असगर की ओर से दुआ करवाई गई। देश में अमन एवं शांति की दुआ की गई। इस मौके पर मांडासी निर्वतमान सरपंच राजेश ऐचरा, जाट महासभा ब्लॉक अध्यक्ष मनीष डोटासरा, निर्वतमान पालिका चेयरमैन मनीष चौधरी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सत्यनारायण सैनी, निर्वतमान पार्षद रमेश दर्जी, आरिफ भाटी, साहूबिद्दीन चोपदार लीलू खां चोपदार, सब्बीर चोपदार, महबूब चोपदार, शरीफ चोपदार, आरिफ चोपदार, आमीन चोपदार, रिजवान चोपदार, मोहसिन चोपदार, फरियाज चोपदार, मनोज खीचड, महेंद्र डूडी, ताराचंद जालिंन्दरा इकबाल खोखर, सलीम रंगरेज, गुलामनबी, जितेन्द्र मुहाल, अमरसिंह धीरज, यूसूफ, पौख सरपंच फिरोज, सदीक रंगरेज, मोहम्मद अजीज, जयनारायण सोहु, चंद्र प्रकाश जांगिड़, सुरेंद्र खीचड़, कैलाश खारिया, इकबाल लुहार, आदिल, साहिल, सोहिल, फैसल, नासिर, इमरान एवं महेश गोयल मौजूद रहे।

# सीएलजी बैठक आयोजित



निसं

**मुकुंदगढ़ (नवयत्न)।** पुलिस थाना में ईद एवं गणगौर महोत्सव को लेकर सीएलजी सदस्यों शांति समिति, सुरक्षा सखियों की थानाधिकारी ताराचंद यादव के नेतृत्व में बैठक आयोजित हुई। थानाधिकारी ताराचंद यादव ने आमजन को ईद के त्योहार को आपसी सौहार्द एवं भाई चारे के साथ मानने की अपील की। शाम को गणगौर पर्व पर निकलने वाली शोभायात्रा में कोई भी उत्पाती या अन्य तत्व हुड़दंग करने वालो पुलिस प्रभावी कारवाई करेगी सभी लोगो से ऐसे तत्वों की जानकारी पुलिस को तत्काल देने की बात कही। इस अवसर पर मनीष शर्मा, विमल कुमार, इकबाल कुरेशी, गुलाब नबी, जुबेर खोखर, दिनेश कुमार, हरफूल सिंह कसेरू सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# चूरू की सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करेगा चूरू महोत्सव : राठौड़

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार सायं चूरू महोत्सव-2026 अंतर्गत जिला मुख्यालय पर बागला स्कूल खेल मैदान में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने समां बांधा। कलाकार समूह श्क्रेजी हुपर्स ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व शहरवासियों ने शिरकत की और मनोमाहक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विशेष संयोग का दिन है, इस दिन राजस्थान दिवस भी है और नववर्ष का भी आरंभ होता है। उन्होंने धार्मिक संदर्भ देते हुए कहा कि धर्मग्रंथों के अनुसार आज ही भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ था। इस पावन अवसर पर चूरू महोत्सव का आयोजन चूरू की सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करेगा और आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ेगा। उन्होंने कहा कि चूरू महोत्सव-2026 हमारी सांस्कृतिक विरासत, सद्भाव और परंपराओं को सहेजने और लुप्त होती संस्कृति को जीवंत बनाए रखने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि चूरू की पहचान उसकी संस्कृति, भाईचारे और लोकजीवन से है। चूरू का गौरवशाली इतिहास हमें प्रेरित करता है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान नई विकास गाथा लिख रहा है। राजस्थान में विकास दर और आमजन की आय में वृद्धि हो रही है। हम संकल्पित प्रयासों से इस विकास यात्रा में भागीदार बनें और राजस्थान को अग्रणी बनाएं। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि नई सोच और ऊर्जा के साथ चूरू महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि चूरू की पहचान और उसकी सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव है। हम सभी इस महोत्सव में स्नेह और सहभागिता से जुड़ें और चूरू को गौरव का केंद्र बनाएं। उन्होंने सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सभी को नववर्ष व राजस्थान स्थापना दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए चूरू महोत्सव की



रूपरेखा की जानकारी दी। सांस्कृतिक संध्या में शमा फोक म्यूजिक बैंड जैसलमेर द्वारा राजस्थान लोक संगीत, विश्व प्रसिद्ध ट्रम्पैट प्लेयर आमिर बिहाणी, क्रेजी हॉपर्स व बॉलीवुड सूफी फ्यूजन रॉक बैंड आदि ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान पूर्व जिला प्रमुख वंदना आर्य, एडीएम अर्पिता सोनी, पूर्व जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, पूर्व प्रधान दीपचंद राहड़, बसंत शर्मा, पराक्रम राठौड़, एसडीएम सुनील कुमार, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, विमला गढ़वाल, अभिषेक चोटिया, नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, तहसीलदार अशोक गोरा, भास्कर शर्मा, सीपी शर्मा, सुरेश सारस्वत, रचना कोठारी सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे।

# रेत के धोरों में खजूर की खेती से नई उम्मीद

## किसान तेजप्रताप प्रजापत बने मिसाल

निसं

**सरदारशहर (नवयत्न)।** चूरू जिले के रेतीले धोरों के बीच स्थित गांव पुनसिसर छोटा में एक प्रगतिशील किसान ने पारंपरिक खेती से हटकर नई राह अपनाई है। किसान तेजप्रताप प्रजापत ने अपने खेत में खजूर की खेती कर क्षेत्र के किसानों के लिए एक नई मिसाल पेश की है। जहां आमतौर पर इस इलाके में पानी की कमी और मौसम की मार के चलते खेती चुनौतीपूर्ण मानी जाती है, वहीं खजूर की खेती ने उम्मीद की नई किरण जगाई है। तेजप्रताप प्रजापत ने बताया कि उन्होंने करीब दो साल पहले अपने खेत में खजूर के पौधे लगाए थे। अब यह पौधे अच्छी तरह विकसित हो चुके हैं और अगले साल से फल देना शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि खजूर का पौधा लगभग तीन साल बाद उत्पादन देना शुरू करता है, ऐसे में अब उनकी मेहनत रंग लाने वाली है। किसान ने जानकारी दी कि खजूर की खेती में सरकार की ओर से करीब 70 प्रतिशत तक सब्सिडी मिलती है, जिससे किसानों को काफी राहत मिलती है। एक पौधे की लागत लगभग 4 हजार रुपये आती है, जिसमें से बड़ा हिस्सा सरकार वहन करती है। तेजप्रताप ने एक हेक्टेयर जमीन में कुल 156 पौधे लगाए हैं, जिनमें 8 नर और 148 मादा पौधे शामिल हैं, जो उत्पादन के लिहाज से संतुलित माने जाते हैं। उन्होंने बताया कि इन पौधों को लगाने के लिए एक निश्चित प्रक्रिया अपनाई जाती है, जिसमें गड्ढों की तैयारी, उचित दूरी और सिंचाई की विशेष व्यवस्था की जाती है। सही तकनीक और देखभाल के चलते उनके सभी



156 पौधे पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ हैं। तेजप्रताप के अनुसार खजूर का पौधा अत्यधिक गर्मी और कड़ाके की सर्दी दोनों परिस्थितियों को सहन करने की क्षमता रखता है जो इसे चूरू जैसे शुष्क और तापमान में उतार-चढ़ाव वाले क्षेत्र के लिए बेहद उपयुक्त बनाता है। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने इस योजना का लाभ लेने के लिए राज किसान पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया था, जिसके लगभग 12 महीने बाद उन्हें पौधे उपलब्ध करवाए गए। सरकार की इस योजना ने उन्हें नई दिशा में आगे बढ़ने का अवसर दिया। आज तेजप्रताप प्रजापत की यह पहल क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन रही है। खजूर की खेती न केवल कम पानी में संभव है बल्कि आने वाले समय में यह किसानों की आय बढ़ाने का एक मजबूत जरिया भी बन सकती है। रेगिस्तान की धरती पर उगते ये खजूर अब किसानों के सपनों को भी फल देने की तैयारी में हैं।

# रक्तदान शिविर आयोजित



निसं

**सरदारशहर (नवयत्न)।** स्थानीय अर्जुन क्लब अस्पताल में शुक्रवार को स्वर्गीय गिरधारी फुलफकर की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं और महिलाओं के भारी उत्साह के चलते कुल 298 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला रोग विशेषज्ञ डॉ स्वाति गेट ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ चंद्रभान जांगिड़, डॉ संदीप चाहर और डॉ अक्षय सिंह शेखावत, रामगढ़ एसडीएम भारती फुलफकर, तहसीलदार रतनलाल मीणा मौजूद रहे। शिविर को संबोधित करते हुए डॉ स्वाति गेट ने एक महत्वपूर्ण पहलू पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा पहले सरदारशहर में रक्त के अभाव के कारण प्रसूताओं और बीमार महिलाओं को बीकानेर, जयपुर या चूरू रैफर करना पड़ता था लेकिन अब रक्तदान के प्रति बढ़ती जागरूकता और ऐसे शिविरों के कारण 99 प्रतिशत इलाज यहीं संभव हो पा रहा है। यह सारा कमाल इन निस्वार्थ रक्तदाताओं का ही है।

मुख्य वक्ताओं ने स्व. गिरधारी फुलफकर को याद करते हुए कहा कि वे एक मिलनसार और धनी व्यक्तित्व के स्वामी थे। उनका अल्पायु में जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है लेकिन आज उनकी स्मृति में उमड़ा यह जनसैलाब और रिकॉर्ड रक्तदान उनकी लोकप्रियता और उनके प्रति लोगों के प्रेम का प्रमाण है। अतिथियों ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य नहीं है क्योंकि आपके दिए रक्त से किसी का जीवन बचता है। शिविर में विभिन्न राजनैतिक और सामाजिक संगठनों के दिग्गजों ने शिरकत की। जिनमें प्रमुख रूप से कांग्रेस नेता इंद्राज खीचड़, निवर्तमान सभापति राजकरन चौधरी, ताराचंद सहारण, अब्दुल रशीद चायल, डॉ रणवीर भांभू, किशनलाल सिंवल, रेवतराम फुलफकर, किशन फुलफकर, गिरधारी लाल पारीक, गणेशदास स्वामी, जेठाराम भास्कर, हरलाल बेनीवाल, दुर्गाराम पारीक, रामकरण बेदा, मुरलीधर सैनी, देवीलाल भाकर, महिला संगठन महाराजा सूरजमल संगठन की सुशीला सारण, सुमित्रा सारण, मनोहरी, नीलम चौधरी, विमला, हस्ती, पूजा चौधरी आदि ने स्वयं रक्तदान कर समाज को प्रेरित किया।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 253 रोगियों ने उठाया लाभ

निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** मानोता कलां के उप स्वास्थ्य केंद्र में केसीसी प्रोजेक्ट की सीएसअर योजना के तत्वावधान में शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केसीसी महाप्रबधंक मानव संसाधन एस शिवदर्शी थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में केटीएसएस महामंत्री बिड़दूराम सैनी, उप महाप्रबंधक मनाव संसाधन विपिन शर्मा, डा. दीपिका खुराना, मानोता कलां पूर्व सरपंच प्रभुदयाल गुर्जर मौजूद थे। अतिथियों ने विधिवत रूप से फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। एस शिवदर्शी ने बताया कि केसीसी प्रोजेक्ट सीएसआर



योजना के तहत इस प्रकार के शिविर बराबर लगते रहते है, उन्होंने कहा कि जन सेवा से बड़ा कोई धर्म नही होता। विपिन शर्मा ने बताया कि शिविर में डॉ. महेंद्र सैनी के सानिध्य में जयपुर हार्ट एंड जनरल हॉस्पिटल नारनौल एवं केसीसी अस्पताल के डॉ. एसएस यादव, डॉ. मनीष, डॉ. नविन, डॉ. मोनिस, डॉ. प्रमोद ने शिविर में सेवाएं दी। शिविर प्रभारी घनश्यामदास ने बताया किमानोता कलां उप स्वास्थ्य केंद्र में सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगया गया जिसमें 253 रोगियों की निशुल्क जांच कर दवा वितरण कर परामर्श दिया गया। इस मौके पर बाबूलाल सैनी, सुधा शर्मा, राजेंद्र, पुलकित धनखड़, सुरेंद्र, सुमित, समीर, रमेश, मोहित, कृष्ण कुमार, अशोक कुमार सहित आदि ने सेवाएं दी।

### वीबी-जी राम जी का लोगो डिजाइन करो और जीतो 50 हजार

हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** ग्रामीण विकास मंत्रालय ने युवाओं को केन्द्रीय राष्ट्रव्यापी विकसित भारत-जी राम जी से जोड़ने के उद्देश्य से यूथ डिजिटल कैंपेन की शुरूआत की है। जिसमें वीडियो चैलेंज, रील, क्विज आदि रचनात्मक प्रतियोगिताओं में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा 30 से 60 सैकंड की अवधि का 25 एमबी अधिकतम साईज का वीडियो तैयार कर माय भारत पोर्टल के माध्यम से युवा अपने गांव के विकास, रोजगार सृजन तथा आजीविका संवर्धन में अधिनियम की भूमिका को रचनात्मक तरीके से अपलोड कर इस डिजिटल जन आंदोलन से जुड़ेंगे। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि वीबी-जी राम जी लोगो डिजाइन प्रतियोगिता में चयनित सर्वश्रेष्ठ लोगो को डिजाइन करने वाले विजेता को केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से 50 हजार रूपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

# ईशर-गणगौर की आज निकलेगी सवारी

निसं

**खेतडी नगर (नवयत्न)।** श्री क्षत्रिय कल्याण समिति के ततवाधान में केसीसी के थर्ड सेक्टर स्थित राजपूत धर्मशाला से शनिवार को ईशर-गणगौर की साही सवारी निकाली जाएंगी। समिति महामंत्री श्याम सिंह चौहान ने बताया कि शनिवार सुबह दस बजे राजपूत धर्मशाला में ईशर-गणगौर की विधिवत रूप से पूजा कर महोत्सवा का शुभारंभ किया जाएंगा, दोपहर तीन बजे राजपूत धर्मशाला से ईशर-गणगौर की साही सवारी केसीसी टाउनशीप के मुख्य मार्गो से निकाली जाएंगी।

# 8700 किलो प्लास्टिक जब्त कर नष्ट



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ नगर निगम जयपुर ने सख्त अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान करीब 8 हजार 700 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित कर उसे आरडीएफ प्लांट में नष्ट करवाया गया। नगर निगम आयुक्त डॉ गौरव सैनी के निर्देशानुसार अतिरिक्त आयुक्त प्रवीण कुमार एवं उपायुक्त स्वास्थ्य मृणाल कुमार के निर्देशन में गठित चालान प्रकोष्ठ (स्वास्थ्य पार्ट-2) की टीम ने यह विशेष अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान संबंधित व्यापारियों को भविष्य में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के सख्त निर्देश दिए गए। साथ ही उन्हें चेतावनी दी गई कि यदि आगे भी प्लास्टिक का उपयोग करते पाए गए तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। अभियान के तहत व्यापारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें कपड़े के थैलों के उपयोग के लिए प्रेरित करते हुए अपने ग्राहकों को भी थैले साथ लाने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की गई। नगर निगम का यह अभियान शहर को स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# आज मनाया जाएगा गणगौर उत्सव

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** चांदपोल बाजार स्थित ठिकाना मंदिर श्री रामचंद्र जी में चल रहे नव दिवसीय श्री राम जन्मोत्सव के तहत आज गणगौर उत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि प्रातःकाल से ही गणगौर पूजन का विशेष आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर परंपरागत रूप से गणगौर माता को घेवर का भोग अर्पित किया जाएगा। मंदिर परिसर को फूलों और रंग-बिरंगी सजावट से सजाया गया है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

# सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** पपुरना की पीएम श्री शहीद भगवान सिंह राउमावि द्वारा केसीसी के सनातन धर्त मंदिर में चल रहा सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समिति महामंत्री अभीषेक पारीक थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में समिति उपाध्यक्ष राजेश डाढ़ेल, मंदीर मंत्री विमल शर्मा, आलोक जैदिया, रमेश पांडे, श्रवण कुमार मौजूद थे। अध्यक्षता प्रधानाचार्या राजेश धाबाई ने की। मुख्य अतिथि ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित करे, उन्होंने कहा कि



आज का युग मोबाईल का है लेकिन मोबाइल का सकारात्मक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। शिविर प्रभारी अभयसिंह ने सात दिवसीय शिविर की रूप रेखा पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्या राजेश धाबाई ने मंदिर कमेटी का आभार प्रकट किया, उन्होंने बताया कि शिविर में 47 स्वयं सेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। शिविर के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिविर इंचार्ज कंवर, अनुराग शर्मा, सरजीत कुमार, विकास शर्मा पंडित सुमन तिवाड़ी, विजेश तिवाड़ी आदि मौजूद थे।

# कचरा फेंकने पर सख्ती, निगम टीम ने मौके पर रोकी लापरवाही

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर निगम की ओर से लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मालवीय नगर जोन की टीम ने वार्ड संख्या 81 स्थित शांति पथ, आचार्य तुलसी सर्कल क्षेत्र में लगाए जा रहे कचरा डिपो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि कुछ रहवासी अपने सफाई कर्मियों को निर्देश देकर निजी वाहनों के माध्यम से कचरा लाकर सड़क पर डाल रहे थे। जिससे क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। नगर निगम आयुक्त डॉ गौरव सैनी के अनुसार मौके पर पहुंची निगम टीम ने तुरंत इस गतिविधि को रुकवाया और संबंधित लोगों को सख्त समझाइश दी। उन्हें स्पष्ट




निर्देश दिए गए कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही न करें और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए अपने घरों का कचरा केवल निगम की निर्धारित कचरा गाड़ी में ही डालें। निगम अधिकारियों ने कहा कि शहर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए आमजन का सहयोग आवश्यक है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।

# डॉ. दिव्या ने संभाला प्राचार्य का पद

## नए लोगो का भी हुआ अनावरण



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थान ए.सी.आई स्कूल एसीआई स्कूल में नए प्राचार्य का स्वागत और विद्यालय के नए लोगो का अनावरण प्रमुख आकर्षण रहे।

### नए प्राचार्य का स्वागत और विजन

संस्थान में डॉ. दिव्या ने आधिकारिक रूप से प्राचार्य का कार्यभार संभाला। इस अवसर पर उन्होंने स्टाफऔर विद्यार्थियों को संबोधित किया और विद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए अपना विजन और कार्यप्रणाली की नई नीतियां साझा कीं। डॉ. दिव्या ने कहा, हमारा ध्यान विद्यार्थियों के अकादमिक और व्यक्तित्व विकास पर केंद्रित रहेगा, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें।

### नया लोगो : विकास और नवाचार का प्रतीक

कार्यक्रम का एक अन्य प्रमुख हिस्सा विद्यालय के नए लोगो का अनावरण था। संस्थान के निदेशक मनोज शर्मा, विकास शर्मा और डॉ. दिव्या ने नए प्रतीक चिन्ह को लॉन्च किया। निदेशकों ने बताया कि यह लोगो ए.सी.आई. स्कूल के निरंतर विकास, शिक्षा में आधुनिकता और उत्कृष्टता के प्रति हमारे संकल्प का प्रतीक है। शुभकामनाएं और बधाई इस अवसर पर टीम ए.सी.आई. और समस्त स्टाफ सदस्यों ने डॉ. दिव्या को बधाई दी। निदेशकों ने उनके अनुभव पर विश्वास जताते हुए कहा कि डॉ. दिव्या के नेतृत्व में विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। ए.सी.आई. परिवार ने इस नए अध्याय की शुरुआत का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

# सड़क दुर्घटना मामले में 22 लाख का अवार्ड पारित

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** न्यायालय मोटरयान दुर्घटना दावाधिकरण के पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने सड़क दुर्घटना मामले में कुल 22 लाख का अवार्ड पारित किया। अधिवक्ता ललित देवकरण नैण खरतवास ने बताया कि दिनांक 12 नवम्बर 2024 को राजेश पुत्र गिरधारी लाल मेघवाल, रमेश कुमार पुत्र मांगेराम मेघवाल निवासी मेहलिया तह भादरा जिला हनुमानगढ अपनी मोटरसाईकिल पर सवार होकर गांव भाडंग जाने के लिए रवाना हुए, मोटर साईकिल रमेश चला रहा था। वक्त करीब सुबह 11:15 बजे साहवा तारानगर की लिंक रोड डाबड़ी बड़ी बस स्टैण्ड दरवाजा के पास पहुंचे तो साहवा की तरफ से बलैनों कार का चालक सज्जन कुमार पुत्र राजेन्द्र जाट निवासी जिला सिरसा ने अपनी कार को तेज गति व लापरवाही से चलाकर सही साईड में खड़ी मोटरसाईकिल के टक्कर मार दी जिससे राजेश कुमार के सिर व शरीर पर गंभीर चोटे आई तथा रमेश कुमार का बांया पैर टुट गया राजेश कुमार का मणीपाल हॉस्पीटल में ईलाज चला जहां सड़क दुर्घटना में गंभीर चोटे होने की वजह से दिनांक 20.11.2024 को मृत्यु हो गई, घटना का मुकदमा पुलिस थाना साहवा में दर्ज करवाया। पुलिस ने अनुसंधान कर सज्जन कुमार के खिलाफ न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष चालान पेश किया तथा मृतक की ओर से मृतक की माता सिलोचना व पिता गिरधारी लाल ने न्यायालय में क्लेम याचिका पेश की जो सिलोचना आदि बनाम नेशनल ज.इ.कलि. आदि पेश की। घायल रमेश कुमार ने न्यायालय में क्लेम याचिका पेश की जो रमेश कुमार बनाम नेशनल ज.इ.कलि. पेश की। जिसमें पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने दोनों पक्षों की आपसी समझाईस कर प्रार्थीगण सिलोचना आदि के पक्ष में 19.50 लाख रूपये व घायल रमेश के पक्ष में 2.50 हजार रूपये का अवार्ड पारित किया। प्रार्थीगण की ओर से मामले में पैरवी अधिवक्ता ललित देव नैण ने की व अप्रार्थीगण बीमा कंपनी की ओर से पैरवी अधिवक्ता धीरेन्द्र सिंह राठौड़ व मुकेश जाखड़ ने की।

# क्षेत्र में मौसम का बदला मिजाज



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्र में दो दिन से अचानक मौसम का मिजाज बदलने से आमजन का जनजीवन प्रभावित हुआ है। जिले की कई विधानसभा क्षेत्र में रात से बरसात का दौर जारी है, वहीं जनपद में अल सुबह से रुक रुक कर बरसात जारी है। वहीं दो दिन से जिले में छाए घने बादल और मौसम बदलने से चली सर्द हवाओ से अचानक सर्दी बढ़ गई है, जिससे लोगों को गर्मी आने के बाद अंदर रखे गर्म कपड़े वापिस निकालने पर मजबूर कर दिया है। क्षेत्र में बदला मौसम किसानों के लिए आफत बन गया है। तैयार फसल अब बारिश के कारण खराब हो रही है, तो वहीं अचानक बदले मौसम के कारण मौसमी बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ गया है। वर्तमान में गेंहू, जो, चना, सरसो, ईशबगोल आदि की फसल तैयार है और अधिकांश किसान अनाज निकालने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन गत दिवस से हुए मौसम बदलाव के कारण क्षेत्र में पिछले दो दिनों से बारिश का दौर रूक रूक जारी है। ऐसे में तैयार फसल अब बारिश के कारण खराब होने के कगार पर है। काफी किसानों ने अपनी फसल की कटाई भी कर ली और एकत्रित फसल पर बारिश का पानी गिरने से वह खराब हो गई, जिसे बचाने के लिए किसान जुटे हुए हैं। बारिश के कारण शहरी क्षेत्र में चूरू रोड एवं सरदारशहर बाईपास सड़क मार्ग सहित कई निचले भू भागों में वर्षाती पानी एकत्रित हो जाने से राहगीरों एवं वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

## 107 वर्षीय बसंती देवी पारीक को बेटी ने कंधा दिया

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय कोठारी रोड़ पर स्थित पारीक बास की निवासी 107 वर्षीय बसंती देवी के देहावसान पर अंतिम यात्रा में उनकी पुत्री मुन्नी देवी ने अर्थी को कंधा दिया। अन्तिम यात्रा स्थानीय चापटिया श्मशान घाट पर सम्पन्न हुई, जिसमें मौहल्ले के सैंकड़ो लोगो सहित बेटियां विमला, शारदा व मुन्नी देवी भी श्मशान स्थल तक गयी। बसंती देवी को विगत पूर्व में तहसीलदार सुजानगढ द्वारा शतकीय मतदाता होने पर घर जाकर सम्मानित भी किया गया था।

# सिंजारे पर महिलाओं ने हाथो में रचाई मेहंदी, बाजारों में उमड़ी भीड

## गणगौर आज, गढ़ से शाम को निकलेगी सवारी

निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** रींगस कस्बे सहित आस पास के इलाको में शुक्रवार को गणगौर का सिजारा पर्व मनाया गया। सिंजारे पर बाजारों में खरीददारी के लिए महिला पुरुषों की भीड उमड पडी। मिष्ठान भण्डारो पर पांव रखने की जगह भी नहीं बची। वहीं कई दिनों से सुस्त पड़े कपड़ा बाजार में भी रौनक रही। गणगौर का पर्व आज मनाया जायेगा। शनिवार शाम को गढ़ से गणगौर की राजसी सवारी ठाठ बाट से निकलेंगी। पिछले पन्द्रह दिनों से ईशर गणगौर की पूजा करने वाली युवतियों में



शुक्रवार को जबरदस्त खुशी का माहौल देखा गया। परिजन अपनी लाडो के लिए बाजार से कपडे, गहने व मिठाइया खरीद कर लाये। वहीं महिलाए व युवतिया अपनी पसंद के कपडे व मिठाड्या खरीदने में जुटी रही। इसके चलते क्षेत्र के बाजारों में कई दिनों बाद रौनक बढ़ गई। इस दौरान थाना पुलिस की भी जोरदार व्यवस्था रही। गणगौर के सिंजारे को देखते हुए नव विवाहिताओं के लिए ससुराल पक्ष से मिटाड्या व कपड़े भेजे गये। वही पीहर पक्ष से भी मिठाइयों का आदान प्रदान रहा। महिलाओं ने सिजारा मनाया व हाथों में मेहदी रचाई गई। शनिवार को महिलाए सुबह से ही गणगौर की पूजा अर्चना करेगी। शाम को प्राचीन गढ़ से गणगौर की राजसी सवारी निकाली जायेगी। इसके लिए राजजोषी व पुरोहित परिवार ने सभी तैयारिया पुरी कर ली है। सवारी गढ़ से निकल कर आजाद चौक गणगौरी बाजार, अग्रसेन बाजार वंग बाजार होते हुए वापस से गढ़ में पहुंचेगी। गणगौर की पूजा करने के लिए महिलाओं ने भी खासी तैयारिया की है।

# गौशाला में भामाशाह सौंथलिया ने बच्चों के लिए लगाया मिनी झूला



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** बाबा सुन्दरदास गोपाल गोशाला जाखल परिसर में भामाशाह श्यामसुंदर सौंथलिया द्वारा बच्चों के मनोरंजन के लिए मिनी झूला लगवाया गया। इस पहल से यहां आने वाले बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला और वे झूले का आनंद लेते नजर आए। गोशाला प्रबंधन समिति के प्रतापसिंह मूंड ने बताया कि श्रद्धालुओं व ग्रामीणों के सहयोग से गोशाला में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में भामाशाह सौंथलिया ने बच्चों के लिए यह मिनी झूला लगवाकर सराहनीय योगदान दिया है। इससे गोशाला में आने वाले परिवारों के बच्चों को मनोरंजन की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने सौंथलिया का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। बच्चों ने भी झूले का आनंद लेते हुए खुशी जाहिर की और भामाशाह के प्रति आभार व्यक्त किया। गोशाला समिति ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार की सुविधाएं बढ़ाने के प्रयास जारी रहेंगे, ताकि गोशाला केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि सामाजिक गतिविधियों का भी प्रमुख स्थल बन सके।

# एनएसएस का सात दिवसीय शिविर सम्पन्न



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** पीएम श्री बाबा छोटू नाथ जी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नोखा में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के अंतिम दिन एनएसएस के स्वयंसेवकों ने प्रथम सत्र में विद्यालय परिसर में श्रमदान किया व गवारिया बस्ती में डिजीटल जागरुकता संबंधी रैली निकाली। जिसमें स्वंयवसेवको ने दुकानदारों व आम जनता को डिजीटल भुगतान में बरतने वाली सावधानी के बारे में बताया। द्वितीय सत्र में शिविर के समापन समारोह के कार्यक्रम की तैयारियां की। समापन समारोह के कार्यक्रम की शुरुवात अतिथियों ने माँ सरस्वती के द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ की। आये हुए अतिथियों के स्वागत के बाद विजेता स्वयंसेवकों को पारितोषिक प्रदान किया गया।

### नर सेवा, नारायण सेवा : सीबीईओ

इस अवसर पर सीबीईओ शिवनारायण भादू ने कहा कि मानव की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है।उप प्राचार्य राकेश लीलड़ ने स्वयंसेवकों के समक्ष अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम अधिकारी मनोज प्रजापत ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, इस अवसर पर व्याख्याता सुनील भार्गव, पूनम चंद सियाग, सुरेश डेलू आदि उपस्थित रहे। अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी विजय कुमार ओझा, विष्णु दत्त पुरोहित ने शिविर का निरीक्षण किया।

# असमय बारिश से फसल खराबे पर आयोग का स्वत: संज्ञान, मुख्य सचिव को भेजा पत्र

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, झुंझुनू के अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने प्रदेश में हाल ही में हुई असमय वर्षा एवं ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान के मामलों में स्वत: संज्ञान लिया है।

इस संबंध में उन्होंने राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर सभी जिलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जिला कलक्टर को देकर उपभोक्ता संरक्षण करवाने के लिए त्वरित व सकारात्मक व्यक्तिगत सदप्रयास करने का आग्रह किया है। मील ने पत्र में उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पीएमएफबीवाई के प्रावधानों के बावजूद कई स्थानों पर फसल नुकसान की सूचना, सर्वे एवं दावा निस्तारण की प्रक्रिया में देरी हो रही है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और उपभोक्ता विवादों की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जिससे न्याय व्यवस्था पर मुकदमों का भार आता है और पीड़ित किसानों को अनावश्यक रूप से कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाने पड़ते है। उन्होंने मुख्य सचिव से प्रदेश के सभी जिलों में राजस्व, कृषि विभाग एवं बीमा कंपनियों के संयुक्त समन्वय से तत्काल विशेष गिरदावरी एवं फसल क्षति सर्वे करवाने के निर्देश जारी करने का आग्रह किया है। साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा के प्रावधानों के अनुसार 72 घंटे के भीतर बीमा कंपनियों को फसल नुकसान की सूचना देने के नियम का ग्राम स्तर तक व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने एवं पीड़ित किसानों के प्रार्थना पत्रों का संकलन करवाने पर जोर दिया है। पत्र में यह भी कहा गया है कि बीमा कंपनियों द्वारा प्राप्त सूचनाओं पर तुरंत व्यक्तिगत क्षति आकलन शुरू किया जाए तथा दावा निस्तारण की प्रक्रिया को समयबद्ध बनाया जाए। जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त कर पूरे प्रकरण की मॉनिटरिंग करने और किसानों को मुआवजा मिलने तक निरंतर फॉलोअप रखने की भी आवश्यकता जताई गई है। मील ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जियो-टैग्ड फोटो, मोबाइल ऐप एवं अन्य डिजिटल माध्यमों के उपयोग को अनिवार्य करने की बात कही है। साथ ही फसल कटाई के बाद खेत में रखी फसलों के नुकसान को भी बीमा दायरे में लेकर प्राथमिकता से दावे निपटाने पर जोर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि समयबद्ध कार्रवाई नहीं होती है तो इससे उपभोक्ता आयोगों पर अनावश्यक परिवादों का भार बढ़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभागों और बीमा कंपनियों पर निर्धारित होने के संबंधित निर्देश जारी किए जाने को उचित व न्यायोचित बताते हुए राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव से इस संबंध में तत्काल प्रभाव से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया है, ताकि किसानों को समय पर राहत मिल सके।

# पाण्डुलिपियों के डिजीटाइजेशन हेतु दें सूचना

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा ज्ञान भारत मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत शैक्षणिक संस्थानों, महाविधालयों विश्वविधालयों, मंदिरों, मठों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों और निजी संग्रहकर्ताओं के पास उपलब्ध भारत की विभिन्न विषयों की पाण्डुलिपि विरासत का सर्वेक्षण, संरक्षण एवं डिजिटाईजेशन कार्य किया जाना है। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बताया कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य पाण्डुलिपियों का डिजिटाईजेशन कार्य कर उनका संरक्षण करना है। पाण्डुलिपियों के रूप में संरक्षित प्राचीन ज्ञान परम्परा को डिजिटाईजेशन के माध्यम से सुरक्षित किये जाने की एक महत्ती परियोजना है, जिसके अन्तर्गत मंदिरों, पुस्तकालयों, मठों में रखी पाण्डुलिपियों की खोज करते हुए सूची तैयार की जानी है। उन्होंने सभी जिलेवासियों से अपील की है कि विरासत संरक्षण के इस अनूठे कार्य में सभी का सहयोग अपेक्षित है। जिला कलक्टर ने आदेश जारी की इस परियोजना कार्य हेतु जिला स्तर पर सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है तथा निजी संग्रहकर्ताओं से अपील की है कि उनके पास उपलब्ध पाण्डुलिपि के बारे में नोडल अधिकारी को सूचना दें ताकि अधिकाधिक पाण्डुलिपियों के डिजिटाईजेशन का कार्य किया जा सके।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के टैगोर चिल्ड्रेन एकेडमी में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन विद्यालय परिसर में स्वयंसेवकों द्वारा परिसर की साफ सफाई व वृक्षारोपण कर किया गया। इस दौरान स्वयं सेवकों को एक दिन का शैक्षिणिक भ्रमण भी करवाया गया। कार्यक्रम प्रभारी विजेंद्र झाझडिया ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सात दिवसीय शिविर का आयोजन विद्यालय प्राचार्य आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय एकेडमिक डायरेक्टर दीक्षा तन्मय अहलावत, टीपीएस प्राचार्य रणधीर सिंह, अजय लुणायच, बलवान भास्कर, राधेश्याम स्वामी, जीतराम तानायन सहित विद्यालय स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

# गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महिला प्रकोष्ठ ने मनाई महर्षि गौतम जयंती

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** न्याय शास्त्र के प्रणेता अक्षपाद ऋषि महर्षि गौतम की जयंती के अवसर पर गुर्जर गोड़ ब्राह्मण महिला प्रकोष्ठ द्वारा श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही, जिससे पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिमय माहौल बना रहा। इस अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना कर महर्षि गौतम की आरती उतारी गई। आयोजन का मुख्य आकर्षण 251 दीपकों का सामूहिक प्रज्वलन रहा, जिनसे आकर्षक रूप में गौतम का नाम सजाया गया। दीपों की मनमोहक रोशनी ने पूरे परिसर को दिव्य आभा से आलोकित कर



दिया, जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। महिला प्रकोष्ठ की सदस्याओं ने भजन-कीर्तन कर वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। इस आयोजन में आशा जोशी, निर्मला उपाध्याय, सुमन, सरला, अलका, सीता, सरोज सहित अनेक महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में संस्कारों को मजबूत करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति एवं महान ऋषियों के आदर्शों से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम का समापन शांतिपूर्ण एवं श्रद्धामय वातावरण में हुआ।

# प्रश्नोत्तरी में दिखा उत्साह, भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** बुगाला धाम में म्यूजियम लोकार्पण के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के तहत दिनभर धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन हुए। समारोह के बाद हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में श्रद्धालुओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में बाबा के जीवन, धाम के इतिहास व धार्मिक परंपराओं से जुड़े प्रश्न पूछे गए। सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों को मंच पर सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। अरुण केडिया ने बताया कि प्रश्नोत्तरी का उद्देश्य नई पीढ़ी को बाबा की शिक्षाओं, इतिहास और धाम की महत्ता से जोड़ना है। प्रतियोगिता में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार देकर



उनका उत्साहवर्धन किया। रात्रि में आयोजित भजन संध्या में गायक नरेश शेखावत व विजेंद्र भार्गव ने बाबा की संगीतमय कथा प्रस्तुत की। उनके भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन रहे। बाबा की महिमा और आस्था से जुड़े प्रसंगों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान धाम परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भजनों पर झूमते भक्तों ने जयकारे लगाए।

मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय व दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। अंत में आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं, अतिथियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मंच संचालन दिनेश शर्मा व प्रदीप सोनी के किया।

# डीपीडीओ व स्पर्श सेवा केंद्र नए परिसर में स्थानांतरित, 23 मार्च से होगा संचालन

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** रक्षा पेंशन वितरण अधिकारी कार्यालय डीपीडीओ एवं स्पर्श सेवा केंद्र को शहीद मेहर सिंह मार्ग, रोड नंबर 2 स्थित मकान नंबर 76 में स्थानांतरित कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों ने बताया कि पूर्व सैनिकों, पारिवारिक पेंशनभोगियों एवं अन्य हितधारकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्यालय को नए एवं सुव्यवस्थित परिसर में शिफ्ट किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि डीपीडीओ एवं स्पर्श सेवा केंद्र का नियमित संचालन 23 मार्च से नए परिसर में प्रारंभ होगा। नए स्थान पर सेवाएं अधिक सुगम, सुलभ और व्यवस्थित रूप में प्रदान की जाएंगी, जिससे पूर्व सैनिक समुदाय को लाभ मिलेगा। कार्यालय ने इस स्थानांतरण के दौरान होने वाली किसी भी अस्थायी असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है। साथ ही यह भी बताया गया कि यह बदलाव पूर्व सैनिकों के लिए अधिक अनुकूल और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सम्पर्क के लिए दूरभाष नंबर 01592-236591 एवं 9413703020 तथा ईमेल जारी किए गए हैं।

# जैन ओलंपिक्स 2026 का आगाज



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** जैन समाज नोखा ने उत्साह के साथ जैन एसोसिएशन ऑफ यूथ जय द्वारा आयोजित जैन ओलंपिक्स 2026 का भव्य आगाज शुक्रवार को लव फन लर्न स्कूल में किया। उद्घाटन सत्र में नोखा उपखण्ड अधिकारी गोपाल जांगिड़ और जसरासर नायब तहसीलदार गौरव बेताला, लव फर्न लर्न स्कूल के नारायण बाहेती आदि गणमान्य नागरिकों एवं जैन समाज के सैंकड़ों सदस्यों की उपस्थिति में सामूहिक नवकार मंत्र, लोगस्स का पाठ करते हुए जय टू विजय के उदघोष के साथ 5 दिवसीय जैन ओलंपिक की शुरुआत की गई। पहले दिन बैडमिंटन के सिंगल्स एवं डबल्स के तथा टेबल टेनिस के मुकाबले खेले गए जिसमे बच्चों, युवाओं, महिलाओं आदि ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लियाए दर्शकों में भी उत्साह चरम पर था, सब अपने अपने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते और आनंद लेते नजर आये। पधारे हुए अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों का स्वागत दुपट्टे, जय की टी शर्ट एवं कैप पहनाकर किया गया। जैन ओलंपिक का आयोजन श्री हीरादेवी किशनलाल लूणिया चेरिटेबल ट्रस्ट की स्पॉन्सरशिप एवं कमल किशोर संदीप कुमार ललवानी की को-स्पॉन्सरशिप में किया जा रहा है जिसके अंतर्गत शनिवार को बैडमिंटन के मुकाबले खेलें जाएंगे।

जय के सदस्यों ने बताया समाज को एक मंच पर लाना, खेल भावना को प्रोत्साहित करना एवं स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है।

## सम्पादकीय

# वैश्विक हितों पर हमले



इजरायल की ओर से अपने गैस फील्ड साउथ पार्स को निशाना बनाए जाने के जवाब में ईरान ने जिस तरह सऊदी अरब, कतर और कुवैत की रिफाइनरियों पर हमले किए, उसके बाद कच्चे तेल के दाम बढ़ने ही थे। समस्या केवल यह नहीं कि तेल के दाम बढ़ते ही चले जा रहे हैं, बल्कि यह भी है कि खाड़ी के देशों से उसकी आपूर्ति में भी कठिनाई आ रही है। तेल के साथ गैस की आपूर्ति में भी मुश्किलें पेश आ रही हैं।

साफ है कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ा युद्ध ऊर्जा संकट को गंभीर बनाने का काम कर रहा है। ईरान ने अपने यहां के ऊर्जा स्त्रोतों पर हमले के जवाब में पड़ोसी देशों के ऐसे ही स्त्रोतों को निशाना बनाने की जो रणनीति अपनाई है, उससे अमेरिका के साथ खाड़ी के देश ही नहीं, पूरी दुनिया परेशान है। यह साफ है कि अमेरिका ने यह सोचा ही नहीं था कि ईरान इस तरह ऊर्जा संकट गहराने की रणनीति अपना सकता है, लेकिन वह इसी रणनीति पर चल रहा है।

पहले उसने खाड़ी देशों से तेल और गैस की आपूर्ति के समुद्री मार्ग होर्मुज को बाधित किया, फिर उसने इन देशों के ऊर्जा स्त्रोतों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। ईरान ने खाड़ी देशों के कुछ ऊर्जा स्त्रोतों को तो इस तरह निशाना बनाया कि उनसे तेल और गैस का उत्पादन ही ठप हो गया है।

चूंकि तेल और गैस के उत्पादन में कमी के साथ उसकी आपूर्ति भी बाधित हो गई है, इसलिए पूरी दुनिया को ऊर्जा संकट की तपिश झेलनी पड़ रही है। कई देशों को तेल और गैस के दाम बढ़ाने पड़े हैं। कुछ देशों में गैस की किल्लत होने से घरों में खाना बनाने के साथ-साथ छोटे-बड़े उद्योग चलाना भी कठिन हो गया है।

तेल एवं गैस के दाम बढ़ने और उनकी आपूर्ति प्रभावित होने से दुनिया भर के शेयर बाजारों में गिरावट भी देखी जा रही है। एक तरह से ईरान पर हो रहे अमेरिका एवं इजरायल के हमले और उनके जवाब में ईरान की कार्रवाई वैश्विक हितों पर तगड़ी चोट पहुंचाने का काम कर रही है। वैश्विक हितों के लिए यह जो गंभीर खतरा पैदा हो गया है, उसके लिए सीधे तौर पर अमेरिका जिम्मेदार है।

यदि वह ईरान पर हमला करने के लिए तैयार नहीं होता तो इजरायल शायद ही अपने दम पर ऐसा करने के लिए आगे आता। अब तो ऐसा लगता है कि इन दोनों में रणनीतिक तालमेल का भी अभाव है। इसका संकेत इजरायल की ओर से ईरान के गैस फील्ड को निशाना बनाए जाने पर अमेरिका की असहमति से मिलता है।

इस असहमति मात्र से बात बनने वाली नहीं है, क्योंकि ईरान भी संयम बरतने को तैयार नहीं दिख रहा है। अब जब पश्चिम एशिया का संकट विश्व का संकट बन गया है, तब भारत समेत विश्व के सभी समर्थ देशों को इस युद्ध को बंद कराने के लिए सक्रिय होना चाहिए और इसके लिए अमेरिका पर दबाव बढ़ाना चाहिए।

## विशेष आलेख

# अविश्वास का खतरनाक विस्तार



राज्यसभा के सभापति रहे जगदीप धनखड़, फिर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के बाद अब मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध महाभियोग का नोटिस सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच अविश्वास के खतरनाक विस्तार का ही संकेत है। चुनाव केंद्रित संसदीय राजनीति में दलगत विरोध अप्रत्याशित नहीं हैं। अतीत में भी कई बार किसी मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष में टकराव के चलते कई-कई दिन संसद नहीं चल पाई।

पूरा सत्र ही गतिरोध की भेंट चढ़ जाने के उदाहरण भी हैं, लेकिन 2014 के बाद राजनीतिक टकराव परंपराएं और लक्ष्मण रेखाएं लांघता दिख रहा है। 2024 के अंत में राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव प्रक्रियागत और तकनीकी त्रुटियों के चलते नोटिस से आगे नहीं बढ़ पाया था। उपसभापति हरिवंश ने अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस नियमानुसार 14 दिन पहले न देने के आधार पर खारिज करते हुए बताया था कि जगदीप धनखड़ के नाम की स्पेलिंग भी गलत लिखी गई थी।

अतीत में भी तीन बार लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव आया और हर बार गिरा भी, क्योंकि उनका चयन ही बहुमत से होता है। अल्पमत विपक्ष उन्हें हटा ही नहीं सकता, जब तक कि सत्तापक्ष में विभाजन की नौबत न आए। लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित हो जाने का सीधा अर्थ है कि बहुमत खो चुकी सरकार को भी जाना पड़ेगा। अल्पमत विपक्ष द्वारा अविश्वास प्रस्ताव का उद्देश्य स्पीकर के प्रति असंतोष की अभिव्यक्ति ही होता है। तथ्यात्मक गलतियां ओम बिरला के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव में भी थीं, पर उन्होंने स्वयं उन्हें ठीक कराते हुए पेश होने दिया।

ओम बिरला के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव गंभीर आरोप-प्रत्यारोप और टकराव की हद तक चला गया तो उसके मूल में पिछली लोकसभा की कटुता भी रही, जब बिरला ही स्पीकर थे। तब रिकार्ड संख्या में विपक्षी सांसद निलंबित किए गए। उस वक्त राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष नहीं थे, पर बोलने न देने और माइक बंद कर देने के आरोप तब भी लगे थे। किसी भी सदन का संचालन अध्यक्ष की जिम्मेदारी है, पर सत्तापक्ष और विपक्ष की परस्पर समझदारी और सम्मान भाव से ही सदन सुचारु रूप से चल सकता है, लेकिन वे तो एक-दूसरे को फूटी आंख नहीं सुहाते। सत्तापक्ष के विरुद्ध विपक्ष की आक्रामकता का नजला स्पीकर पर गिरा। अविश्वास प्रस्ताव की परिणति जानते हुए ही विपक्ष ने मत विभाजन नहीं मांगा, लेकिन इससे यह सच नहीं बदलता कि स्पीकर पर विपक्ष का विश्वास नहीं है। अतीत में स्पीकर की भूमिका के अनुभव मिश्रित रहे हैं।

जिस ब्रिटेन से हमारी संसदीय प्रणाली प्रेरित है, वहां स्पीकर किसी दल के सदस्य नहीं होते। अपने देश में भी कभी लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर नीलम संजीव रेड्डी ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफा दिए बिना भी दोनों पक्षों का सम्मान हासिल करते हुए सुचारु सदन संचालन के सोमनाथ चटर्जी और पीए संगमा सरीखे उदाहरण हैं, लेकिन अब बढ़ते तनाव से इस संस्था की साख प्रभावित होने लगी है। यह राजनीतिक दलों की सामूहिक चिंता का विषय होना चाहिए। व्यक्ति आते-जाते रहेंगे, लेकिन संस्थाओं की साख पर आंच नहीं आने देनी चाहिए।

मुख्य चुनाव आयुक्त के विरुद्ध महाभियोग का नोटिस राजनीतिक टकराव का विस्तार है। कभी मत्रपत्रों की लूट तो अब ईवीएम पर संदेह के जरिये चुनाव प्रक्रिया की शुचिता और विश्वसनीयता पर भी सवाल उठते रहे हैं, लेकिन इस तरह कठघरे में खड़ा कभी नहीं किया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्तियां हमेशा केंद्र सरकार करती है। पसंदीदा नौकरशाहों की नियुक्ति के आरोप भी लगते रहे हैं। नवीन चावला की कांग्रेस से नजदीकियों के तब तमाम उदाहरण दिए गए थे। मनोहर सिंह गिल को तो कांग्रेस ने राज्यसभा सदस्य और केंद्र में मंत्री भी बनाया। फिर अब क्यों बात मुख्य चुनाव आयुक्त के विरुद्ध महाभियोग के नोटिस तक पहुंच गई?

चंडीगढ़ नगर निगम मेयर चुनाव में निर्वाचन अधिकारी की धांधली और फिर सर्वोच्च न्यायालय की सख्ती का घटनाक्रम ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल से पहले का है। हां, कुछ नियम-कानूनों में संशोधन अवश्य हुए हैं, जिन्हें विपक्ष पारदर्शिता से विचलन बताता है, पर उन्हें न्यायपालिका में चुनौती दी जा सकती है। चुनाव आयोग से विपक्ष के ताजा टकराव के मूल में एसआइआर मुख्य मुद्दा है। अतीत में भी मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण होता रहा है, लेकिन इस बार जैसी अफरातफरी कभी नहीं मची।

इतनी बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम भी कभी नहीं कटे। शायद इसलिए कि इस बार आइआर की जगह एसआइआर कराया जा रहा है। ऐसे विशेष सघन पुनरीक्षण से पहले सभी दलों और राज्य सरकारों से चर्चा न करने से उठे सवालों का जवाब तो चुनाव आयोग ने नहीं दिया है, लेकिन मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण से लेकर चुनाव प्रक्रिया को बेहतर बनाने संबंधी कदमों को सर्वोच्च न्यायालय आयोग का अधिकार बता चुका है।

बिहार से शुरू एसआइआर विवाद के बंगाल पहुंचने तक सर्वोच्च न्यायालय कई बार सुनवाई कर चुका है। कुछ मामलों में सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश भी दिए। बंगाल में राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच मोर्चा खुल जाने की स्थिति में सर्वोच्च न्यायालय ने एसआइआर की निगरानी के लिए न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश दिए।

प्रक्रियागत जटिलताओं के बावजूद एसआइआर असंवैधानिक नहीं है। फिर भी टकराव का मुख्य चुनाव आयुक्त के विरुद्ध देश में पहली बार महाभियोग के नोटिस तक पहुंच जाना गंभीर सवाल खड़े करता है। महाभियोग की जटिल प्रक्रिया के चलते विपक्ष की इस मुहिम की सफलता संदिग्ध ही है। निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए जिम्मेदार चुनाव आयोग के मुखिया तथा लोकसभा के अध्यक्ष पर विपक्ष का अविश्वास लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं हैं। यह चिंता प्रधानमंत्री मोदी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के एजेंडा में भी सर्वोपरि होनी चाहिए।

## स्वास्थ्य समाचार

# कंप्यूटर से तेज दौड़ने लगेगा दिमाग, इन न्यूट्रिएंट्स को डाइट में करें शामिल, ब्रेन फॉग से मिलेगी निजात

बढ़ती उम्र के साथ ही यददाश्त कमजोर होना और फोकस में कमी होना एक आम समस्या होती है। लेकिन अगर आप कम आयु में ही चीजों को भूलने लगे हैं। कुछ समझने या ध्यान केंद्रित करने में समस्या होती है। तो यह ब्रेन फॉग के लक्षण हो सकते हैं। बता दें कि यह एक तरह का मानसिक विकार होता है। इस बीमारी में व्यक्ति को प्लानिंग करने, चीजों को रखकर भूलने, किसी चीज को याद रखने व भाषा समझने में परेशानी होती है। इस समस्या पीड़ित व्यक्ति को नींद न आना, चिड़चिड़ापन, फोकस में परेशानी, मूड स्विंग, सिरदर्द और चिंता आदि जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है। इसे जड़ से सही करने के लिए अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में बदलाव करना बेहद जरूरी होता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक ऐसे कई पोषक तत्व हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य में सुधार लाने के साथ ही ब्रेन फॉग की समस्या में फायदेमंद होंगे।




### एंटीऑक्सीडेंट्स

हमारे मस्तिष्क कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव तनाव से बचाने में एंटीऑक्सीडेंट्स मदद करते हैं। इसके अलावा एंटीऑक्सीडेंट्स मस्तिष्क के संज्ञानात्मक कार्य को संरक्षित करने में भी मददगार होता है। इस समस्या से बचने के लिए आपको अपनी डाइट में मेवे, बीज नींबू, ब्रोकली, अंडा, मछली, ब्राउन राइस, जामुन, खट्टे फल, बींस, तरबूज, अंगूर, सेब और शिमला मिर्च आदि को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

### ओमेगा-3 फैटी एसिड

दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए ओमेगा-3 फैटी एसिड एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है। यह मस्तिष्क की सूजन को कम करने के साथ ही याददाश्त और एकाग्रता में सुधार लाने में सहायक होता है। इसके सेवन से आपको चिंता और अवसाद के लक्षणों में कमी देखने को मिलती है। इसके लिए आप अपनी डाइट में नट्स, बीज, सोयाबीन, सैल्मन मछली आदि को शामिल कर सकते हैं।

### कोलिन

बता दें कि शरीर में एसिटाइलकोलाइन का उत्पादन करने के लिए कोलिन जरूरी होता है। यह एसिटाइलकोलाइन एक तरह का न्यूरोट्रांसमीटर है। जो मूड सुधारने, मांसपेशियों पर नियंत्रण, मेमोरी बूस्ट करने और तंत्रिका तंत्र के अन्य कार्यों के लिए बेहद जरूरी होता है। इसलिए आपको अपनी डाइट में गुर्दे, अंडा और सोया आदि को शामिल करना चाहिए।

### विटामिन-बी

मस्तिष्क और तंत्रिका के कार्यों के लिए विटामिन-बी एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है। यह मूड को सुधारने के साथ ही संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं को कंट्रोल करने वाले न्यूरोट्रांसमीटर को रेगुलेट करने में अहम भूमिका निभाता है। एक रिसर्च के अनुसार, यदि शरीर में विटामिन-बी 12 की कमी होती है, तो वह डिप्रेशन और तनाव का शिकार हो सकता है। इसलिए ब्रेन फॉग की समस्या से निजात पाने के लिए आपको विटामिन-बी युक्त फूड्स, जैसे हरी सब्जियों, ओट्स, मशरूम, ब्रोकली, साबुत अनाज, दही, अंडा, पनीर और दूध का सेवन करना चाहिए।

# आइसक्रीम खाने के बाद सिर में दर्द क्यों होता है? इसके यह है कारण

गर्मी हो या सर्दी, आइसक्रीम खाने का शौक हर मौसम में एक जैसा रहता है। मूड ठीक करने से लेकर उदासी दूर करने तक आइसक्रीम खाने से कई परेशानियों का अहसास भी कम होता है। लेकिन कुछ लोगों को आइसक्रीम खाते ही सिर में तेज दर्द शुरू हो जाता है। इस स्थिति को वैज्ञानिक और एक्सपर्ट आइसक्रीम सिरदर्द के नाम से जानते हैं। यह समस्या सामान्य नहीं है और इसे नजरअंदाज करने से कई गंभीर परेशानियां हो सकती हैं। वैसे तो, सिरदर्द होने के कई कारण हैं और लोगों में अलग-अलग तरह का सिरदर्द हो सकता है। लेकिन अगर आपको भी आइसक्रीम खाने से बाद सिरदर्द होता है, तो यह लेख आपके लिए ही है।

**आइसक्रीम खाने के बाद सिरदर्द क्यों होता है :** आइसक्रीम खाने के बाद सिरदर्द होने की समस्या को ही आइसक्रीम सिरदर्द या ब्रेन फ्रीज कहा जाता है। इस तरह का सिरदर्द आइसक्रीम खाने के बाद शुरू होता है और कुछ देर बाद अपने आप ठीक हो जाता है। इसकी वजह से आपकी कनपटी पर तेज दर्द और अकड़न होने लगती है। आइसक्रीम ही नहीं, किसी भी तरह से ठंडी चीज या ठंडे पेय का सेवन करने के बाद भी यह स्थिति हो सकती है। आइसक्रीम खाने के बाद उसके तापमान की वजह से आपको 30-40 सेकंड में इस तरह का सिरदर्द होता है। यह सिरदर्द सेकंड से लेकर कुछ मिनट तक रहता है और फिर अपने आप ठीक भी हो जाता है। इस तरह का सिरदर्द दरअसल आइसक्रीम या ठंडी चीजों के तापमान की वजह से होता है। जब आप आइसक्रीम खाते हैं, तो इससे आपके दिमाग की सेरेब्रल धमनियों में ब्लड फ्लो बढ़ जाता है। इसकी वजह से आपको तुरंत तेज सिरदर्द और चुभन का अहसास होता है। जैसे-जैसे धमनियों में ब्लड फ्लो सामान्य होता है, सिरदर्द भी कम होने लगता है। इस स्थिति से वैसे तो किसी तरह का खतरा नहीं है, लेकिन अगर आपको अक्सर ऐसे सिरदर्द का सामना करना पड़ रहा है तो सबसे पहले डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

# डैंड्रफ की समस्या से हैं परेशान? सिर पर लगाएं यह तेल, खुजली और रूसी से मिलेगा छुटकारा

बाल शरीर की खूबसूरती को बढ़ाते हैं। मजबूत, काले, लंबे, घने और हेल्दी बाल लोगों को काफी पसंद होते हैं। लेकिन कई बार स्कैल्प की सफाई न होने के कारण, ड्राई स्कैल्प, बारिश का पानी और सिर में तेल का अत्यधिक स्त्राव के कारण बालों में डैंड्रफ की समस्या हो सकती हैं। अक्सर लोग इस समस्या को दूर करने के लिए कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। यह प्रोडक्ट्स महंगे होने के साथ कई बार मन मुताबिक रिजल्ट भी नहीं देते हैं। ऐसे में बालों से डैंड्रफ को दूर करने के लिए कई तरह के तेल का इस्तेमाल किया जा सकता हैं। यह तेल स्कैल्प को पोषण देने के साथ इन तेलों में मौजूद एंटीबैक्टीरियल गुण स्कैल्प को हेल्दी रखते हैं। इन तेलों की मदद से बाल मजबूत बनते है और कई समस्याएं भी दूर होती हैं।



**नारियल तेल :** नारियल तेल बालों को मजबूत बनाता है। इसमें मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण डैंड्रफ को दूर करते हैं। नारियल तेल स्कैल्प को मॉइस्चराइज करने में मदद करता है और बालों के स्वास्थ्य में सुधार करता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए नारियल तेल को हल्का गुनगुना करें। अब इस तेल से सिर की मसाज करें। 2-3 घंटे बाद बालों को शैंपू से वॉश करें।

**रोजमेरी तेल :** रोजमेरी तेल बालों की कई समस्याओं को दूर करता है। इसमें एंटीसेप्टिक, एंटीफंगल और एंटीवायरल गुण पाए जाते हैं। रोजमेरी तेल लगाने से सिर की खुजली भी दूर होती है। इस तेल को लगाने से डैंड्रफ को समस्या दूर होती है और बाल भी मजबूत होते हैं।

**टी ट्री ऑयल :** टी ट्री ऑयल बालों से डैंड्रफ को दूर करने के साथ बालों को हेल्दी भी रखता है। इस तेल में एंटी-फंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो डैंड्रफ को दूर करने के साथ खुजली की समस्या से भी राहत देते हैं। इस तेल का इस्तेमाल करने के लिए अपने नॉर्मल तेल में 2 से 3 बूंद इस तेल की मिलाएं।

**पुदीने का तेल :** पुदीने का तेल सिर में तेल को स्त्राव को रोकने में मदद करता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए इसे नॉर्मल तेल में मिलाकर लगाएं। इसमें मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण स्कैल्प में होने वाली खुजली और ड्राई स्कैल्प की समस्या को दूर करते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यापार के विस्तार हेतु किए गए प्रयास सफल होंगे। संतान की ओर से अच्छे समाचार मिलेंगे। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करें। परिवार की चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### वृष
धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। वरिष्ठजनों का सहयोग मिलेगा। कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे। कार्यसिद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन रहेगा। क्रोध पर संयम आवश्यक है। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। धर्म में रुचि बढ़ेगी। नई योजना से लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

### मिथुन
रुका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। साहित्यिक रुचि बढ़ेगी। आर्थिक योग शुभ हैं। यात्रा से व्यापारिक लाभ हो सकता है। संतान के रोजगार की समस्या का समाधान संभव है।

### कर्क
योजना फलीभूत होगी। नए अनुबंध होंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी व भागदौड़ से काम करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएँ। अच्छे मित्र से भेंट होगी। पराक्रम की वृद्धि होगी। समाज-परिवार में आदर मिलेगा। सुसंगति से लाभ होगा।

### सिंह
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रुभय रहेगा। लाभ होगा। पिछले कार्यों को टालना चाहिए क्योंकि उसमें असफलता का योग है। अनावश्यक विवाद होगा। व्यावसायिक योजनाएँ क्रियान्वित नहीं हो पाएँगी।

### कन्या
संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। खर्चों में वृद्धि से चिंता होगी। संतान के रोजगार की समस्या का समाधान संभव है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। कशमकश दूर होगी। स्वजनों से भेंट होगी।

### तुला
फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। कुसंगति से बचें। दूसरों पर भरोसा न करें। धैर्य रखें। पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। रुका पैसा मिलेगा। शत्रु आपकी छवि को धूमिल करने का प्रयास करेंगे। अतः सावधान रहें। व्यापार में सफलता मिलेगी। खर्चों में वृद्धि से चिंता होगी।

### वृश्चिक
जल्दबाजी व भागदौड़ से कार्य करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएं। बुरी खबर मिल सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से लाभ होगा।

### धनु
उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बढ़ेगा। पुराने मित्र-संबंधी मिलेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा। विवादों से दूर रहना चाहिए। आर्थिक तंगी रहेगी। पिछले कार्यों को टालें। पारिवारिक तनाव से मन परेशान रहेगा।

### मकर
विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। थकान रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। पराक्रम बढ़ेगा। जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं। कामकाज में आशानुरूप स्थिति बनेगी। संतान के व्यवहार पर नजर रखें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

### कुंभ
राजकीय सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ होगा। जोखिम बिलकुल न लें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। व्यापार व नौकरी में हितकारकों की पूर्ण कृपा रहेगी। गृह उपयोगी वस्तुएँ क्रय करेंगे। नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

### मीन
मेहनत का फल मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यात्रा सफल रहेगी। धनलाभ होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। वाहन सुख मिलेगा। संपत्ति के लेन-देन में सावधानी बरतें। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। संतान पर ध्यान दें। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे।

# सिंजारे पर्व पर लाडली जी मंदिर में ठाकुरजी को लगाया भोग

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सुहाग पर्व गणगौर से पूर्व शुक्रवार को गणगौर का सिंजारा मनाया गया। सिंजारा पर्व पर रामगंज बाजार स्थित लाड़लीजी मंदिर में ठाकुरजी को ललित संप्रदायाचार्य महंत संजय गोस्वामी के सान्निध्य में केसर, पिस्ता, बादाम युक्त मक्खन, रबड़ी, रबड़ी, आम, मेवा, फलों तथा विशेष व्यंजनों का भोग लगाया गया। नव विवाहिताओं के पीहर से सिंजारा आया। सिंजारे में मिठाई, घेवर के साथ कपड़े आए। सुहागिन महिलाओं ने गणगौर पूजन के लिए हाथों पर मेहंदी लगाई और रुप संवारा। गणगौर के भी मेहंदी लगाई गई। साथ ही मिट्टी के ईसर और गणगौर की खरीदारी भी की। नवविवाहिताओं को उनके ससुराल से श्रृंगार सामग्री, कपड़े और घेवर आदि सिंजारे में आए। कई मंदिरों में भी सिंजारा महोत्सव मनाया गया। गणगौर पूजन करने वाली महिलाओं के घरों में शुक्रवार को गुणे-शक्करपारे बनाए गए। सुहागिन महिलाएं 8 गुणे और कुंवारी कन्याएं 16 गुणे माता को अर्पित करेंगी। घेवर का भोग भी लगाया जाएगा।

### शिव-पार्वती के अटूट प्रेम का प्रतीक है गणगौर पर्व

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार माता गवरजा मां पार्वती होली के दूसरे दिन अपने पीहर आती हैं और आठ दिनों के बाद भगवान शिव ईसरजी उन्हें वापस लेने के लिए आते हैं। फिर चैत्र शुक्ल तृतीया को उनकी विदाई होती है। होली के दूसरे दिन यानी कि चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से सुहागिन महिलाएं और कुंवारी कन्याएं मिट्टी के शिवजी यानी गण एवं माता पार्वती यानी की गौर बनाकर प्रतिदिन पूजन करती हैं। इन दिनों में महिलाएं रोज सुबह उठकर दूब और फूल चुनकर लाती हैं। उन दूबों से दूध और पानी के छींटे मिट्टी की बनी हुई गणगौर माता को देती हैं। फिर चैत्र शुक्ल द्वितीया के दिन किसी नदी, तालाब या सरोवर पर जाकर पूजी हुई गणगौरों को पानी पिलाती हैं यानी बिंदोरा निकालती है। चैत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया को शाम के समय उनका विसर्जन कर देती हैं। गणगौरों के पूजा स्थल गणगौर का पीहर और विसर्जन स्थल ससुराल माना जाता है।

# प्रशासन सक्रिय हुआ तो बदले हालात, टली आत्मदाह की चेतावनी

निसं

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को लेकर पिछले दो दिनों से चल रहे विवाद में शुक्रवार को नया मोड़ आ गया। पहले दिन 19 मार्च को एक व्यापारी द्वारा जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए आत्मदाह की चेतावनी दी गई थी। व्यापारी ने कहा था कि उसकी लीज पर ली गई भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से वह मजबूर होकर यह कदम उठाने को विवश है। हालांकि 20 मार्च को स्थिति बदल गई। व्यापारी ने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की सक्रिय कार्रवाई को संतोषजनक बताते हुए अपनी आत्मदाह की घोषणा वापस ले ली। साथ ही मुस्लिम समुदाय के त्योहार ईद को देखते हुए विवादित भूमि पर एक दिन के लिए नमाज की अनुमति देने की बात कही। व्यापारी ने कहा कि प्रशासन द्वारा दिए गए लिखित आश्वासन पर भरोसा है, उम्मीद व्यक्त की कि अतिक्रमण हटाने को लेकर आगे भी ठोस कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि उनका संघर्ष जारी रहेगा लेकिन फिलहाल सभी पक्षों की सहमति से माहौल शांतिपूर्ण हो गया है। इस घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में तनाव कम हुआ है और आपसी सौहार्द का संदेश भी सामने आया है। उक्त मामले में प्रशासन द्वारा तुरंत प्रभावी कार्रवाई करते हुए जहां आत्मदाह जैसे हालात को रोका गया वहीं ईद के त्योहार को सौहार्दपूर्ण से मनाए जाने का हल भी निकाला।

# आरयूएचएस में गायत्री महायज्ञ के साथ नव संवत्सर का स्वागत



**जयपुर ( नवयत्न )।** गायत्री चेतना केन्द्र दुर्गापुरा के तत्वावधान में प्रतापनगर स्थित आरयूएचएस परिसर में गायत्री महायज्ञ के साथ नव विक्रमी संवत्सर का स्वागत किया गया। करीब 80 चिकित्सकों और विद्यार्थियों ने यज्ञ भगवान को आहुतियां प्रदान की। आचार्य पीठ से सुशील शर्मा और राजेश शर्मा ने यज्ञ के वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। यज्ञ के दौरान विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और वैदिक परंपराओं के प्रति रूझान देखा गया। सत्येन्द्र शर्मा, राजीव तिवारी सहित अन्य ने यज्ञ में सहयोग किया। उधर एसएमएस मेडिकल कॉलेज में भी पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ किया गया। डॉ. संदीप सिंह चौहान ने देव पूजन किया। आचार्यपीठ से विनोद श्रीवास्तव ने हवन करवाया।

# सीईओ श्वेता कोचर ने किया राजसखी मेले का अवलोकन

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में राजीविका की ओर से चूरू चौपाटी में आयोजित राजसखी मेले के चौथे दिन शुक्रवार को आमजन का काफी उत्साह देखने को मिला। इसी क्रम में शुक्रवार को सीईओ श्वेता कोचर ने मेले का अवलोकन किया और लखपति दीदी योजना के तहत सरदारशहर ब्लॉक की 10 महिलाओं को टैबलेट वितरित किए। शुक्रवार को गुब्बारा फोड़, म्यूजिकल चेयर एवं नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। राजीविका डीपीएम भागचंद खारिया ने बताया कि मेला 23 मार्च तक जारी रहेगा।

# भव्यता के नए आयाम रचेगा गणगौर महोत्सव

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान की समृद्ध लोक परंपरा, आस्था और सांस्कृतिक वैभव का प्रतीक गणगौर महोत्सव इस वर्ष राजधानी जयपुर में अभूतपूर्व भव्यता और नवाचारों के साथ आयोजित होगा। पर्यटन विभाग द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है और इस बार शाही शोभायात्रा को वैश्विक दर्शकों से जोड़ने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के निर्देशानुसार महोत्सव में कई नवाचार जोड़े गए हैं। इस बार राजस्थान फाउंडेशन के माध्यम से विदेशों में बसे भारतीय एवं राजस्थानी समुदाय के लिए गणगौर सवारी का लाइव प्रसारण किया जाएगा साथ ही पर्यटन विभाग के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी इस भव्य आयोजन का सीधा प्रसारण होगा। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि गणगौर की शाही सवारी 21 और 22 मार्च को प्रतिदिन शाम 5:45 बजे सिटी पैलेस परिसर से रवाना होकर त्रिपोलिया गेट, छोटी चौपड़, गंगौरी बाजार होते हुए तालकटोरा/पोंड्रिक पार्क तक निकाली जाएगी। इस बार सजी-धजी पालकियों, ऊंट, घोड़े और हाथियों के लवाजमे की संख्या में वृद्धि कर शोभायात्रा को और अधिक भव्य बनाया गया है। महोत्सव के दौरान जयपुर शहर पूरी तरह लोक संस्कृति के रंग में रंगा नजर आएगा। प्रदेशभर से चयनित करीब 210 लोक कलाकार अपनी-अपनी विधाओं के माध्यम से इस आयोजन को जीवंत बनाएंगे। कच्छी घोड़ी, गेर, कालबेलिया, चरी, घूमर और चंग जैसे पारंपरिक लोकनृत्य शोभायात्रा की विशेष पहचान होंगे। बस्सी के बनवारी लाल जाट और जयपुर के तेजपाल भाट कच्छी घोड़ी नृत्य प्रस्तुत करेंगे, जबकि बाड़मेर के हरीश कुमार लाल दल और तगाराम सफेद दल गेर नृत्य की जीवंत प्रस्तुति देंगे। कालबेलिया में महावीर नाथ और राजकी सपेरा छोटी, चरी में अंजना कुमावत तथा घूमर में पूजा नरूका अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी। संगीत विधाओं में शहनाई, मशक, रावणहत्था और भपंग की मधुर ध्वनियां वातावरण को सुरमयी बनाएंगी। बहुरूपिया, मांगणियार गायन, कठपुतलियां और चंग जैसे पारंपरिक लोक रूप शोभायात्रा को और अधिक आकर्षक बनाएंगे। शोभायात्रा का लवाजमा भी इस बार विशेष आकर्षण रहेगा। पारंपरिक लोक प्रस्तुतियों के साथ शंकर बैंड ;नवीन समावेश, निशान हाथी, जेठी पहलवान हाथी, अशोक बैंड, तोप गाड़ी, ऊंट दल, सजे हुए ऊंट, शहनाई ऊंट गाड़ी, ताज बैंड, सुसज्जित रथ, घोड़े और विक्टोरिया कैरिज सहित कुल 32 लवाजमे इस शाही सवारी की गरिमा बढ़ाएंगे।



गौरतलब है की गणगौर महोत्सव केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि राजस्थान की लोक विरासत को सहेजने और नई पीढ़ी से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। यह आयोजन सांस्कृतिक एकता, परंपरा और पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गौरतलब है कि गणगौर पर्व महिलाओं की आस्था, सौभाग्य और भगवान शिव-पार्वती के प्रति समर्पण का प्रतीक है, जो राजस्थान की पहचान के रूप में देश-विदेश में विख्यात है।




# जेन-नेक्स्ट भारत स्टार्टअप समिट आयोजित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित जेन-नेक्स्ट भारत स्टार्टअप समिट ने राजस्थान की उभरती नवाचार और उद्यमिता संस्कृति को एक नई ऊंचाई प्रदान की है। इस भव्य आयोजन में एक हजार से अधिक युवाओं, निवेशकों और नीति-निर्धारकों ने हिस्सा लिया, जहाँ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के स्टार्टअप हब के सीईओ श्री पन्नीरसेल्वम मदनागोपाल ने टियर-2 और टियर-3 शहरों के स्टार्टअप्स को सशक्त बनाने के लिए 100 करोड़ रुपये के निवेश का रोडमैप साझा किया।

एसीआईसी-वीजीयू के सीईओ गौरव शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि राजस्थान तेजी से एक प्रमुख स्टार्टअप हब के रूप में विकसित हो रहा है, जो आने वाले समय में हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। समिट के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों में महिला उद्यमिता, वैश्विक विस्तार रणनीतियों और वित्तीय प्रबंधन पर गहन चर्चा की गई, जिसमें सफल महिला संस्थापकों ने अपनी विकास यात्रा के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शार्क टैंक शैली का पिच सत्र रहा, जिसमें चयनित 15 स्टार्टअप्स ने निवेशकों के सामने अपने आईडिया पेश कर निवेश की संभावनाएं तलाशीं।

इसके साथ ही महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए। यह समिट न केवल नेटवर्किंग और निवेश का माध्यम बनी, बल्कि इसने यह भी स्पष्ट कर दिया कि जयपुर अब भारत के प्रमुख स्टार्टअप केंद्रों की कतार में मजबूती से खड़ा है।

# भगवान राम का चरित्र मानव जीवन की मर्यादा को स्थापित करने वाला : तिवाड़ी



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** भगवान राम का चरित्र मानव जीवन की मर्यादा को स्थापित करने वाला है। सर्व मांगलमयी समाज में मनुष्य के क्या कर्तव्य हैं, यह अपने चरित्र के माध्यम से भगवान ने सबको बताया है। ये कथन वाणीभूषण प्रभुशरण तिवाड़ी ने रेलवे स्टेशन के पास स्थित दुर्गा मंदिर में मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के प्रथम दिन व्यास पीठ से बोलते हुए कहे। कथा में भगवान शिव एवं सती चरित्र तथा नारद मोह का विशद वर्णन किया गया। कथा के दौरान भगवान विष्णु की सजीव झांकी ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया तो सुमधुर कर्णप्रिय संगीत ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं कथा के प्रारंभ में मुख्य यजमान जय प्रकाश सोनी द्वारा सपत्निक पूजन किया गया। कार्यक्रम में बाबूलाल सोनी, सुभाष वर्मा, नंदू सोनी दिल्ली, सुरेन्द्र सोनी, मुकेश सोनी, सुशील फतेहपुरिया, राजेश सोनी भामा, ओमप्रकाश योगी, रवि सोनी, मानकचंद सोनी, सुशील सोनी सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा का समय दोपहर एक बजे से शाम 5 बजे तक का है।

# हम सुख में भी भगवान की भक्ति करें, तो जीवन में कभी संकट आएगा ही नहीं



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ तहसील के ग्राम छोटड़िया की श्रीकरणी गोरख गौशाला संस्थान प्रांगण में चल रही सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन शुक्रवार को कथा वाचक भोले बाबा ने कृष्ण जन्म के प्रसंगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर पाप बढ़ा है, तब-तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेते हैं और धर्म की स्थापना करते हैं। भोलेबाबा ने कहा कि यदि हम सुख में भी भगवान की भक्ति करें, तो जीवन में कभी संकट आएगा ही नहीं। महाराज ने भक्त प्रहलाद, वामन अवतार, रामावतार के प्रसंगों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान भक्त प्रहलाद एवं हिरण्याकश्यप की झांकी भी सजाई गई। कथा के प्रारंभ में राधा देवी प्रहलाददान चारण ने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना की। गोशाला समिति के अध्यक्ष सागरमल जोशी ने बताया कि कथा में गो सेवार्थ रामस्वरूप उपाध्याय ने 11 लाख 51 हजार, केशुदान प्रहलाददान चारण ने एक लाख 21 हजार रुपए, ओमप्रकाश, रमेश, सत्यनारायण व किशनलाल उपाध्याय ने 51 हजार, चुन्नीलाल सुथार ने 31 हजार रुपए की राशि भेट की है, जिनका अभिनंदन किया गया। समिति के सचिव गोपालदान चारण ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर संत राजूदास महाराज, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पूर्व पालिकाध्यक्ष लिट्ठू कल्पनाकांत, प्रधान मधुसूदन राजपुरोहित, शिवभगवान पारीक, रामावतार जोशी, सागरमल आत्रेय, जिला परिषद सदस्य गिरधारीलाल पारीक, कमल पारीक, राजकुमार जांगिड़, नरसीदान चारण व मनोजदान चारण सहित काफी संख्या में धर्मश्रद्धालुजन उपस्थित थे।



# चेटीचंड महोत्सव मनाया

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे के मुख्य बाजार में शुक्रवार को सिंधी समुदाय ने चेटीचंड महोत्सव के अवसर पर झूलेलाल जयंती धूमधाम से मनाई। इस कार्यक्रम में समाज के लोगों ने आमजन को ठंडा शरबत और प्रसाद के रूप में चने और हलवे का वितरण किया। वहीं समाज के लोगों ने झूलेलाल जी के जयकारे लगाए। कार्यक्रम की शुरुआत झूलेलाल जी की पूजा-अर्चना से हुई। इस अवसर पर समाज के मुखिया जय राम सिंधी ने सम्बोधित करते हुए समाज को कुरीतियों से मुक्त होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें सामाजिक बुराइयों से दूर होकर एकजुट होकर आगे बढ़ना चाहिए। युवाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने व समाज के विकास में भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज को विकास की गति ले जाने में समाज के लोगों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। समाज को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी अहम भूमिका निभानी चाहिए। आज के समय में युवा नशे की लत का शिकार हो रहे हैं जो समाज के लिए बहुत ही गलत है। ऐसे में युवाओं को संस्कारित बनाकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए तथा समाज के प्रतिभावान युवाओं को प्रोत्साहित भी करना चाहिए।

इस दौरान सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करते हुए समाज से कुरीतियों को दूर करने व समाज को संगठित करने पर जोर दिया। महोत्सव में बड़ी संख्या में सिंधी बंधुओं के साथ स्थानीय लोगों ने भाग लिया, जिससे बाजार क्षेत्र भक्ति और उत्साह से गूंज उठा। यह आयोजन क्षेत्रीय सद्भाव और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बना। इस मौके पर जयराम सिंधी धर्मदास, पीयूष इसवानी, पंकज इसवानी, निहारिका गलानी, रोहित, हितेन छबलानी, कन्नू केसवानी, कन्नू, कन्हैया लाल, लकी छबलानी, नवीन छबलानी, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुधीर गुप्ता आदि मौजूद थे।

# सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान आयोजित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में मानव जन कल्याण सेवा संस्था द्वारा 19 मार्च गुरुवार को गणपति पैलेस जगदंबा नगर धावास में 7 वा सर्व समाज नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन हुआ। आयोजित सर्व समाज नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में 5 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे। जिसमें संस्था द्वारा वर वधु को उपहार स्वरूप गिफ्ट दिए गए। संस्थान अध्यक्ष व आयोजक अमर चंद कुमावत ने बताया कि इस अवसर पर माटी कला बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद राय टॉक, ओबीसी मोर्चा बोर्ड प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र कुमावत, समाजसेवी छुट्टन यादव, सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर बंबोरिया, ओबीसी मोर्चा से चेतन कुमावत सहित गणमान्य विशिष्ट लोगों ने पहुंचकर वर वधु को आशीर्वाद दिया। साथ वर वधु के दाम्पत्य जीवन की मंगल कामनाएं की। संस्था द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें कक्षा 10वीं व 12वीं में उत्कर्ष प्रदर्शन करने वाली 350 प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।




# 201 लोगों को बांटे पक्षियों के लिए घोंसले

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** विश्व गौरैया दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी के नेतृत्व में पर्यावरण प्रेमी नरेंद्र पारीक के सहयोग से गांधी चैक में 201 घोंसलों का वितरण किया गया। इस दौरान नरेंद्र पारीक व उनकी पत्नी गायत्री देवी का भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, निवर्तमान पार्षद मनोज पारिक, भाजपा नेता कमल दाधीच, रेखा सोनी द्वारा साफा पहनाकर स्वागत किया गया। नरेंद्र पारीक ने बताया कि उनकी पत्नी गायत्री पारीक द्वारा घर पर ही मेहनत करते हुए ये घोंसले तैयार किए जाते हैं। युवा मोर्चा हिमांशु भाटी ने कहा कि गौरेया संरक्षण की दिशा में नरेंद्र पारीक और उनके परिवारजनों की मुहीम प्रेरणास्पद है। कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री प्रकाश भार्गव, निवर्तमान पार्षद पंकज घासोलिया, दीनदयाल पारीक, पुरुषोत्तम शर्मा, नवरत्न पारीक, बबलू सामरिया, वरुण पारीक, श्लोक पारीक, संदीप जोशी, केशव रिनवा, ललित सामरिया, मनु सामरिया, ललित गुर्जर, कैलाश प्रजापत आदि लोग उपस्थित रहे।



## परम्परागत गीतों के साथ 16 दिनों तक मनाई जाती है गणगौर



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** राजस्थान का पारंपरिक महोत्सव गणगौर पूजन सोलह दिन पूजकर मनाया जा रहा है। सूर्य उदय से पहले नवविवाहिता तैयार होकर दुब व जाल तोड़ कर गणगौर पूजन के गीत गाकर दिन की शुरुआत करती हैं। उठ उठ, म्हारी गौर माता, एल खेल नदी जाए ओ पाणी आदि गाकर अपने सुहाग व नव-वर की रक्षा के गीत गाती हैं। शाम को फिर से घर घर गौर बनोरा निकाल कर नाचती गाती हैं। जिसमे आज मार गौर बनोरो सहित अनेक परम्परागत गीत गाए जाते हैं। वहीं रात्रि को गुड़ला का उत्सव मनाया जाता है जिसमें महिलाएं आस्था से गीत गाती हैं। ईशर दास जी रा कन्हैयालालजी रात्रि में ज्वारा गीत गाकर गणगौर का पूजन हो रहा है। नया बास में उत्सव को बड़े धूम धाम से मनाया जा रहा है।

## रोजा इफ्तार की दावत आयोजित



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** कस्बे के खटीकान मस्जिद के पास मदरसे में वार्ड 3,4 व 5 के रोजेदारों को रोजा इफ्तार की दावत का आयोजन किया गया। दावत आयोजनकर्ता सरपंच धर्मवीर राठौड़ ने रोजेदारों के रोजे खुलवा, व उन्हें रमजान माह व ईद पर्व की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर आयोजक सरपंच धर्मवीर राठौड़, ताज काजी, सलाउद्दीन काजी, जमरदिन तेली, अनूप खण्डेलवाल, बूंदे खां, गोपाल स्वामी, सुनील सगतानी, नरेश झाझड़िया, गुलाब सोलंकी त्रिलोक रैगर, मनोहर सैनी, लिछमन खींची आदि अनेक गणमान्य लोग व रोजेदार मौजूद थे।

## कला मेला-2026 में सजे रंगों के संसार

### वरिष्ठ कलाकारों ने बिखेरा सृजन का जादू



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** कला मेला-2026 के चतुर्थ दिवस पर राजस्थान के ख्यातिप्राप्त वरिष्ठ कलाकारों ने अपने सृजन से कला प्रांगण को जीवंत कर दिया। कैनवास पर उकेरे गए रंगों और कल्पनाओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अकादमी सचिव डॉ. रजनीश हर्ष ने बताया कि इस बार ललित कला अकादमी के 25वें कला मेले के उपलक्ष्य में उन वरिष्ठ कलाकारों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, जिन्होंने इस मेले की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन कलाकारों ने तीन दिवसीय शिविर में आमजन के समक्ष अपनी कला का सृजन कर कला के विविध आयाम प्रस्तुत किए। मेले में राजस्थान की लुप्त होती फ्रेस्को आर्ट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डॉ. नाथूलाल वर्मा के निर्देशन में कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने फ्रेस्को कला की बारीकियां सीखीं और सुंदर टाइल्स तैयार कीं। इन कलाकृतियों को आगंतुकों ने खूब सराहा।

इसके साथ ही हरिशंकर बालोटिया द्वारा आयोजित कैलीग्राफी कार्यशाला में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यशाला में विभिन्न स्टाइल, शेरिफ और कलम पकड़ने की तकनीकों को प्रायोगिक रूप से समझाया गया। कला मेला संयोजक हर्षिव शर्मा ने बताया कि बड़ी संख्या में दर्शकों ने मेले का आनंद लिया और कलाकारों की सृजनात्मकता की सराहना की। मेले का समापन 21 मार्च को शाम 6 बजे पुरस्कार वितरण समारोह के साथ किया जाएगा, जिसमें उत्कृष्ट कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा।

## जनानी ड्योढ़ी से आज निकलेगी गणगौर माता की शाही सवारी

### बिखरेंगे राजस्थान की कला-संस्कृति के रंग

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** चैत्र शुक्ल तृतीया शनिवार को विभिन्न शुभ योग में सुहाग पर्व गणगौर धूमधाम से मनाया जाएगा। महिलाएं गणगौर माता का पूजन कर और सुख-मृद्धि की कामना करेंगी। शाम को सिटी पैलेस के जनानी ड्योढ़ी से गणगौर की शाही सवारी निकलेगी। शाही ठाठबाट के साथ निकलने वाली गणगौर माता की सवारी के दौरान लोकरंग भी बिखरेंगे। चौगान होते हुए गणगौर माता की सवारी ताल कटोरा के सामने पौंड्रिक उद्यान की छतरी पर पहुंचेंगी वहां मेला भरेगा। माता को यहां घेवर का भोग लगाया जाएगा। इसके बाद यहां करीब 30 मिनिट विश्राम के बाद माता की सवारी पुनः सिटी पैलेस के लिए रवाना हो जाएगी। माताजी के दर्शन के लिए यहां शहरभर के लोग एकत्रित होंगे और माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। वहीं ईसर-गणगौर की पार्वती और शिव के रूप में पूजा की जाएगी। कुंवारी कन्याएं सुयोग्य वर की प्राप्ति के लिए पूजा करेंगी, वहीं विवाहित महिलाएं पति की दीर्घायु की कामना और अखंड सुहाग की कामना के लिए व्रत रखकर गणगौर पूजन करेंगी। पूजन कर गणगौर को भोग स्वरूप गुणा-करपारा अर्पित किए जाएंगे। गणगौर का उद्यापन करने वाली महिलाएं 16 सुहागिनों को भोजन कराकर उपहार स्वरूप भेंट देंगी। वहीं उद्यापन नहीं करने वाली महिलाएं अपनी सास को बयाना देकर आशीर्वाद लेंगी।



## रोटरी शतरंज प्रतियोगिता 2026 आयोजित

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज द्वारा शुक्रवार को चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन में रोटरी शतरंज प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया गया। इस निःशुल्क प्रतियोगिता में दो ग्रुप बनाये गए थे पहला ग्रुप अ जिसमें 14 वर्ष तक के लड़के-लड़कियों ने भाग लिया। दूसरे ग्रुप ब में 18 वर्ष तक के लड़के व लड़कियों ने भाग लिया।

शतरंज प्रतियोगिता में कुल 45 प्रविष्टियां मिली है, जिनमें ग्रुप अ में 20 तथा ग्रुप ब में 25 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी। 14 साल तक के ग्रुप में अभीदीप शर्मा विजेता, पर्व शर्मा उपविजेता तथा सतवीर सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह 18 साल तक में अक्षिता शर्मा, तालव सैनी उपविजेता तथा गोपाल सोनी तृतीय स्थान पर रहे। इसके प्रोजेक्ट चेयरमैन गिरिराज कयाल, प्रोजेक्ट को-चेयरमैन दीनदयाल सतीजा व मुकेश व्यास थे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट तथा दोनों वर्गों के विजेता व उपविजेताओ को मेंमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3056 की गवर्नर रोटेरियन प्रज्ञा मेहता कोटा से बतौर मुख्य अतिथि तथा असिस्टेंट गवर्नर सीकर से रोटेरियन डॉक्टर दिव्या कचोलिया बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रही। क्लब के पूर्व सहप्रान्तपाल डॉ माधव सिंह, संजीव फ्रैंकलिन, अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद कसेरा, सचिव अमित गिनोडिया, पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार चोटिया, सागर मल शर्मा, संतोष कुमार सोनी एंव कई सदस्य मौजूद रहे। मंच संचालन गिरिराज कयाल ने किया।

## स्वाति रजत हुए एशिया कप के लिए भारतीय तीरंदाजी टीम में चयनित



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** कलकत्ता के साई स्टेडियम में आयोजित हुई चयन स्पर्धा में राजस्थान के रजत और स्वाति ने भारतीय टीम में जगह बनाई है। 21 मार्च से 28 मार्च तक थाईलैंड के बैंकॉक शहर में एशिया कप प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान के योगेन्द्र सिंह भारतीय टीम के कोच होंगे। योगेन्द्र सिंह ने बताया की भारतीय टीम बहुत ही मजबूत टीम है और भारतीय टीम ने एशिया कप के लिए पुणे के आर्मी सेंटर में दिनांक 25 फरवरी से 5 मार्च तक एवं 6 मार्च से 20 मार्च तक कोलकाता में अभ्यास किया है।

खास बात रजत और स्वाती राजस्थान के पहले पति-पत्नी हैं, जो साथ में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्वाति राजस्थान के सचिवालय में कार्यरत हैं और रजत राजस्थान पुलिस में डीएसपी पद पर कार्यरत है।



## 146 परिजनों ने जपे ढाई लाख गायत्री मंत्र

जयपुर (नवयत्न)। चैत्र के वासंतिक नवरात्र में जगह-जगह धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। इसी कड़ी में किरण पथ मानसरोवर स्थित श्री गायत्री वेदना निवारण केन्द्र में सर्व जन हिताय है सर्वजन सुखाय की भावना से गायत्री महामंत्र का जप किया जा रहा है। पहले दिन 146 परिजनों ने 250000 गायत्री महामंत्र का जाप किया। भोजराज पारीक ने बताया कि जप 26 मार्च तक सुबह से शाम तक जारी रहेंगे।




## श्रीराम नवमी शोभायात्रा के केंद्रीय कार्यालय का हुआ उद्घाटन

निसं

**सरदारशहर (नवयत्न)।** स्थानीय श्री राम जन्मोत्सव आयोजन समिति, सरदारशहर के तत्वावधान में आयोजित होने वाली श्रीराम नवमी विराट शोभायात्रा के केंद्रीय कार्यालय का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। शोभायात्रा संयोजक राकेश इंदौरिया ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह केंद्रीय कार्यालय शहर के मुख्य बाजार में डॉक्टर कौशिक की गली के पास, चौहान पान भंडार के सामने स्थित है। उन्होंने बताया कि राम नवमी के पावन अवसर पर निकलने वाली विराट शोभायात्रा के लिए साफा वितरण का मुख्य केंद्र भी इसी कार्यालय को बनाया गया है, जहाँ से रामभक्तों को साफे वितरित किए जाएंगे। कार्यालय उद्घाटन के इस शुभ अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष सुबोध सेठिया, यात्रा प्रमुख लक्ष्मण सिंह, अपर लोक अभियोजक पवन कुमार सैनी, मदन ओझा, शिवदयाल पारीक, सुरेश वर्मा, अशोक कशेरा, मुकेश सैनी, सतीश कुमार, रोहिताश सोनी, जयश्री वर्मा और अनीता सहित समिति के कई गणमान्य सदस्य व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं और रामभक्तों में श्रीराम नवमी शोभायात्रा को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला।

## गणगौर उत्सव मनाया जा रहा धूमधाम से



निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर घोड़ेला चौक में गणगौर उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है । शुक्रवार को सरोज देवी, दुर्गा देवी, भगवती देवी के सानिध्य में मेहंदी कार्यक्रम का उल्लास पूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भाग लेकर पर्व की सांस्कृतिक गरिमा को जीवंत किया। महिलाओं व युवतियों ने मंगल गीत गाते हुए माहौल को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत गणगौर माता और ईसर जी की पूजा-अर्चना से हुई। महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और अखंड सौभाग्य की कामना की। महिलाओं ने ऐड छेड़ नदी जासी, आटीकी म्हारे गोरा बाई के सोवे, आज म्हारे घर गणगोर बनोरा निकलो, गुड़लो घूमघो घुमघो, हाथा में मेहदी राचणी सहित अनेकों लोक गीत गाए । इसके बाद मेहंदी रस्म अदा की । रात्रि को घर घर गुड़ला घुमाया गया । आज बस स्टैंड सुभाष चौक पर गणगोर का मेला भरा जाएगा । घर घर गणगोर माता का पूजन व उघापन होंगे । इस मौके पर भावना, सुषमा, जानवी, चंदा, निकिता, दीपिका, अंकिता, अमिता, बिंदु, अंजली, शांति, राधिका, प्राक्षी, हर्षिता, सुमन, सरिता, पूजा, संतोष सहित दर्जनों महिलाए उपस्थित रही

# धुरंधर 2 ने तोड़ा शाहरुख की जवान का रिकॉर्ड

## पहले दिन 97 करोड़ कमाए, पेड प्रीव्यू सहित कुल कलेक्शन 144 करोड़ पहुंचा

### पहले दिन के कलेक्शन का ऑल टाइम रिकॉर्ड



| फिल्म | कलेक्शन |
|---|---|
| धुरंधर 2 (2026) | ₹97 करोड़ |
| जवान (2023) | ₹75 करोड़ |
| पुष्पा 2: द रूल (2024) | ₹72 करोड़ |
| एनिमल (2023) | ₹63 करोड़ |
| पठान (2023) | ₹57 करोड़ |
| स्त्री 2 (2023) | ₹54 करोड़ |

नोट- अनुमानित कलेक्शन

रणवीर सिंह स्टारर फिल्म 'धुरंधर: द रिवेंज' यानी 'धुरंधर 2' ने 'जवान' का रिकॉर्ड तोड़ते हुए पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई। ट्रेड एनालिस्ट के अनुसार, फिल्म ने पहले दिन 97 करोड़ रुपए से अधिक का बिजनेस किया। इससे पहले 2023 में आई 'जवान' ने पहले दिन 75 करोड़ रुपए कमाए थे। 'धुरंधर 2' ने पेड प्रीव्यू में 47 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। पेड प्रीव्यू और ओपनिंग डे को मिलाकर फिल्म की कुल कमाई 144 करोड़ रुपए पहुंच गई। ट्रेड पोर्टल सैकनिल्क के अनुसार, पहले वीकेंड के लिए 200 करोड़ रुपए की एडवांस बुकिंग दर्ज की गई है। आम तौर पर 40-50% सीटें एडवांस बुक होती हैं। ऐसे में अनुमान है कि गुरुवार से रविवार तक फिल्म का बिजनेस 500 करोड़ रुपए के पार जा सकता है।

### फिल्म 3 घंटे 49 मिनट लंबी है

'धुरंधर: द रिवेंज' की अवधि 3 घंटे 49 मिनट है, जो इसे 21वीं सदी की दूसरी सबसे लंबी बॉलीवुड फिल्म बनाती है। इससे पहले 2003 में आई जेपी दत्ता की 'एलओसी कारगिल' 4 घंटे 15 मिनट के साथ सबसे लंबी फिल्म है। फिल्म का इंटरनेशनल वर्जन 3 घंटे 55 मिनट का है। बता दें कि धुरंधर 2 में रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और आर माधवन हैं। फिल्म को आदित्य धर ने लिखा, डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। इसके साथ ही ज्योति देशपांडे और लोकेश धर भी फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। फिल्म को जियो स्टूडियोज ने प्रेजेंट किया है और यह बी62 स्टूडियोज के बैनर तले बनी है।

### धुरंधर को शानदार रिस्पॉन्स मिला था

गौरतलब है कि फिल्म धुरंधर के पहले पार्ट ने भारत के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार प्रदर्शन किया था। फिल्म ने दुनिया भर में करीब 1,307 करोड़ की कमाई की। भारत में फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 1,005.85 करोड़ रहा, जबकि नेट कलेक्शन लगभग 840 करोड़ हुआ। इसके साथ ही यह भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी सिंगल-लैंग्वेज फिल्म बन गई। विदेशी बाजारों में भी फिल्म धुरंधर को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। ओवरसीज में इसने करीब 299.5 करोड़ का कारोबार किया। खासतौर पर अमेरिका और कनाडा में फिल्म ने 193.06 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर 'बाहुबली 2' का रिकॉर्ड भी पीछे छोड़ दिया। दिलचस्प बात यह है कि यह बड़ी सफलता फिल्म को तब मिली, जब इसे खाड़ी देशों में रिलीज की अनुमति नहीं मिली थी। इसके अलावा 'धुरंधर' भारतीय सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली 'A' रेटेड फिल्म भी बन गई।

### टॉप 10 फिल्मों का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

| फिल्म (भाषा) | वर्ल्डवाइड कलेक्शन | इंडियन नेट कलेक्शन |
|---|---|---|
| दंगल (हिंदी) | ₹2070 करोड़ | ₹387 करोड़ |
| बाहुबली-2 (तेलुगु/तमिल) | ₹1788 करोड़ | ₹1030 करोड़ |
| पुष्पा-2 (तेलुगु) | ₹1742 करोड़ | ₹1234 करोड़ |
| धुरंधर (हिंदी) | ₹1307 करोड़ | ₹840 करोड़ |
| RRR (तेलुगु) | ₹1230 करोड़ | ₹782 करोड़ |
| केजीएफ चैप्टर-2 (कन्नड़) | ₹1215 करोड़ | ₹860 करोड़ |
| जवान (हिंदी) | ₹1160 करोड़ | ₹640 करोड़ |
| पठान (हिंदी) | ₹1055 करोड़ | ₹543 करोड़ |
| कल्कि 2898 AD (तेलुगु) | ₹1042 करोड़ | ₹646 करोड़ |
| बजरंगी भाईजान (हिंदी) | ₹922 करोड़ | ₹320 करोड़ |

सोर्स: सैकनिल्क डॉट कॉम

# युवा कलाकारों ने शास्त्रीय संगीत का परचम लहराया

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गुलाबी नगरी के युवा कलाकार इन दिनों अपनी शास्त्रीय संगीत की जुगलबंदी से देशभर में पहचान बना रहे हैं। अपनी प्रतिभा और समर्पण के दम पर ये कलाकार भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहे हैं। जयपुर के वायलिन वादक गुलजार हुसैन के निर्देशन में दिलरुबा वादक मोहम्मद उमर, तबला वादक मेराज हुसैन और ज़यान हुसैन विभिन्न शहरों में प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। इनकी जुगलबंदी में परंपरा और नवाचार का सुंदर संगम देखने को मिलता है, जो दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहा है। हाल ही में इन कलाकारों ने उदयपुर में आयोजित ऋतु बसंत समारोह वेस्ट जोन कल्चरल सेंटर और शिमला में आयोजित हिम संगीत उत्सव नॉर्थ जोन कल्चरल सेंटर में अपनी प्रस्तुतियों से खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रमों में श्रोताओं ने उनकी प्रस्तुति को सराहा और लंबे समय तक तालियों से स्वागत किया। कलाकारों की यह उपलब्धि न केवल जयपुर, बल्कि पूरे राजस्थान के लिए गौरव का विषय है। उनकी प्रस्तुतियां देशभर में शास्त्रीय संगीत के प्रति नई रुचि जागृत कर रही हैं और युवा पीढ़ी को इस दिशा में प्रेरित भी कर रही हैं।

## जॉली एलएलबी 3 में अक्षय बनाम अरशद की टक्कर, स्टार गोल्ड पर वर्ल्ड टीवी प्रीमियर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** लोकप्रिय कोर्टरूम फ्रेंचाइजी की नई कड़ी जॉली एलएलबी 3 अब टीवी दर्शकों के लिए भी तैयार है। फिल्म का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर रविवार 22 मार्च को रात 8 बजे स्टार गोल्ड पर किया जाएगा। निर्देशक सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी इस फिल्म की खास बात यह है कि इसमें पहली बार फ्रेंचाइजी के दोनों चर्चित किरदार एक साथ नजर आएंगे-जगदीश्वर मिश्रा की भूमिका में अक्षय कुमार और जॉली जगदीश त्यागी के रूप में अरशद वारसी। दोनों के बीच कोर्टरूम में होने वाली टक्कर दर्शकों के लिए खास आकर्षण बनेगी। फिल्म की कहानी एक बड़े जमीन घोटाले के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें कोर्टरूम ड्रामा, सामाजिक मुद्दों और हास्य का संतुलित मेल देखने को मिलता है। यह आम आदमी के नजरिए को सामने रखते हुए मनोरंजन के साथ संदेश भी देती है। प्रीमियर को लेकर अक्षय कुमार ने कहा कि जॉली मिश्रा के रूप में वापसी करना उनके लिए घर लौटने जैसा रहा, लेकिन इस बार दोनों जॉली के आमने-सामने आने से फिल्म और भी खास बन गई। वहीं अरशद वारसी ने भी लंबे समय बाद अपने किरदार में लौटने को भावुक और यादगार अनुभव बताया। गौरतलब है कि बॉक्स ऑफिस पर सफलता के बाद अब यह फिल्म छोटे पर्दे पर भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने के लिए तैयार है। जॉली बनाम जॉली की यह दिलचस्प टक्कर दर्शकों को हंसी, ड्रामा और रोमांच का डबल डोज देने वाली है।

## गणगौर महोत्सव पर आज निकलेगी शाही सवारी

निसं

**लोसल ( नवयत्न )।** गणगौर महोत्सव पर शनिवार को ईश्वर गणगौर की गाजे-बाजे के साथ शाही सवारी निकाली जाएगी। इसके बाद शाम को धूणी दास बगीची स्थल पर गणगौर का भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले के दौरान विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित होगी। जिसमें पुरुष वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र होगी। इसके साथ ही छोटे बच्चों की भी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी । नगरपालिका एवं श्री सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में यहां पर गणगौर की शाही सवारी निकालने एवं गणगौर मेला का आयोजन किया जाता है।

## भक्तिभाव से मनाया दीक्षा महोत्सव

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सुभाष चौक पानो का दरीबा स्थित श्री शुक संप्रदाय की प्रधान आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज में शुक्रवार को शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सानिध्य में दीक्षा महोत्सव भक्तिभाव से मनाया गया। ठाकुरजी श्री राधा सरस बिहारी सरकार की पुष्पों से मनोरम झांकी सजाई गई। वैष्णव भक्तों ने संगीतमय बधाई गायन किया। पारंपरिक सरस बधाइयों पर श्रद्धालु स्वयं को नृत्य करने से नहीं रोक पाए। शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण जी महाराज ने लगातार पुष्प वर्षा कर माहौल में उत्साह और उमंग बनाई रखी। इस मौके पर विशेष रूप से आचार्य महाप्रभु के दीक्षा प्राप्त करते हुए छाया चित्र का पूजन किया गया। श्रद्धालुओं को नव संवत्सर के पंचांग और वार्षिक महोत्सव दीपिका का वितरण किया गया। श्री सरस निकुंज के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि महामुनिंद्र शुकदेव महाराज ने आचार्य महाप्रभु श्यामचरण जी महाराज को दीक्षा प्रदान कर संप्रदाय की स्थापना की थी। इस उपलक्ष्य में यह दीक्षा महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर सरस निकुंज को फूलों और बांदरवाल से सजाया गया।

## प्रिंस स्कूल में जेट टॉप रैंकर्स का हुआ सम्मान



निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** सीकर स्थित प्रिंस स्कूल में कृषि संकाय में जेट-आईसीएआर 2026 परीक्षा हेतु संचालित क्रैश कोर्स एवं टेस्ट सीरीज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक रामचरण यादव, कोऑर्डिनेटर विक्रम सिंह शेखावत, बलकेश डूडी व फैकल्टी मेंबर्स ने टॉपर्स विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार, मेडल व रजिस्टर देकर सम्मानित किया। प्रिंस स्कूल में ज्वाइंट एंट्रेंस टेस्ट, जेट-आईसीएआर हेतु विशेष क्रैश कोर्स प्रारंभ किया गया है जिसमें प्रतिदिन कक्षाएं एवं डेली टेस्ट सीरीज के साथ हर रविवार को मेजर टेस्ट सीरीज आयोजित की जा रही है। प्रिंस एजुहब चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा ने कहा कि प्रिंस एजुहब में स्कूलिंग के साथ-साथ विभिन्न ओलंपियाड, क्लेट, सीयूईटी, एसटीएसईए जेट आईसीएआरए सीए फाउंडेशन आदि की विशेष तैयारी कराई जाती है।

## मेहंदी रस्म व घर घर घुमाया घुड़लो

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सीकर शहर में कृषि मंडी के पीछे भंवर कॉलोनी में नव विवाहिता व युवतियों द्वारा गणगौर पूजन का कार्यक्रम वैवाहिक कार्यक्रम के अनुसार रीति रीवाज से चल रहा है। सीमा सैन ने बताया कि गणगौर पूजन के दौरान विवाहिताओं व युवतियों द्वारा शुक्रवार को मेहंदी की रस्म की गई। ज्योति सैन ने बताया कि गणगौर की पूर्व संध्या में घर घर जाकर घुड़लो घुमाया गया। इस दौरान नितिका, आकांक्षा, सानवी, गुंजन, टीना, भारती, लक्ष्मी, भावना, तानिया आदि मौजूद रही।

# राजस्थान पुलिस में मातृ शक्ति : कर्तव्य, करुणा और काबिलियत की मिसाल बनी 10 महिला कर्मी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस में महिला सशक्तिकरण की प्रेरक तस्वीरें सामने आई है, जहां 10 महिला कर्मियों ने अपने साहस, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा से यह साबित कर दिया कि वर्दी में मातृत्व और मजबूती दोनों साथ चल सकते हैं। ये महिला कर्मी केवल कानून-व्यवस्था संभालने तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि इन्होंने मानवता, सेवा और जिम्मेदारी का ऐसा उदाहरण पेश किया, जो समाज के लिए प्रेरणा बन गया है। इनमें से किसी ने कठिन परिस्थितियों में लोगों की जान बचाई, तो किसी ने संवेदनशील मामलों को सूझबूझ से संभाला। किसी ने अपनी ड्यूटी के दौरान ईमानदारी और तत्परता दिखाई, तो किसी ने सामाजिक सरोकारों से जुड़कर पुलिस की मानवीय छवि को मजबूत किया। इन सभी महिला कर्मियों की एक खास बात यह रही कि इन्होंने अपने पारिवारिक दायित्वों मां, बेटी या बहन की भूमिका के साथ-साथ पुलिस की कठोर जिम्मेदारियों को भी बखूबी निभाया।

### कर्तव्य से बढ़कर कुछ नहीं

इन महिला पुलिसकर्मियों ने यह दिखाया कि कठिन से कठिन हालात में भी ड्यूटी सर्वोपरि होती है। चाहे दिन हो या रातए चुनौती कैसी भी होय इनका समर्पण अडिग रहा। जहां एक ओर इन्होंने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कीए वहीं दूसरी ओर जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता भी दिखाई। यही संतुलन इन्हें खास बनाता है।

### समाज के लिए प्रेरणा

आज ये महिला कर्मी केवल पुलिस विभाग के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए रोल मॉडल बन चुकी हैं। खासकर युवतियों के लिए ये संदेश है कि मेहनत और लगन से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है।

### शौर्य का मुख्यमंत्री सम्मानरू शक्ति स्वरूपा जांबाज बेटियों का गौरव गान

कर्तव्य की वेदी पर प्राणों की बाजी लगाने वाली और खेल के मैदान में तिरंगा लहराने वाली राजस्थान पुलिस की 10 जांबाज महिला पुलिसकर्मियों के अदम्य साहस को उस समय सर्वोच्च पहचान मिली, जब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनसे मुख्यमंत्री निवास पर संवाद किया। महिला अपराध का खुलासा हो, उफनती नहर में छलांग लगाकर जान बचाना हो, बैंक लूट की फायरिंग के बीच अपराधियों को दबोचना हो, या उग्र भीड़ से किसी निर्दोष को सुरक्षित निकालनाय इन शक्ति स्वरूपा अधिकारियों के हर साहसिक कार्य को मुख्यमंत्री ने सराहा। उन्होंने इसे पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा का पुंज बताया।

### महिला अपराधों के खिलाफ सख्त : डीएसपी डॉ. पूनम

अलवर में महिला अपराध अनुसंधान इकाई की पुलिस उप अधीक्षक डॉ. पूनम ने पॉक्सो एक्ट के तहत त्वरित अनुसंधान कर कई वर्षों से डरा-धमका कर शोषण करने वाले अपराधियों को जेल भेजा। उन्होंने वर्ष 2024 के दौरान 13 इनामी बदमाशों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की।

### कानून व्यवस्था और त्वरित न्याय की मिसाल : एसएचओ गुंजन वर्मा

जयपुर आयुक्तालय के नारायण विहार की थानाधिकारी गुंजन वर्मा ने उत्कृष्ट पुलिसिंग का उदाहरण पेश किया। उन्होंने एक विदेशी महिला के साथ दुष्कर्म के मामले में मात्र 2 दिन में चार्जशीट पेश कर अपराधियों को सजा दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया।

### अपराध नियंत्रण और जांच में अग्रणी उप निरीक्षक : सोनाली शर्मा

राजसमंद जिले की उपनिरीक्षक सोनाली शर्मा डीएसटी प्रभारी ने हत्या और लूट जैसे गंभीर मामलों का खुलासा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने एक अपहृत नवजात बच्चे को सकुशल बरामद कर परिवार को खुशियां लौटाईं और कई इनामी बदमाशों को सलाखों के पीछे पहुँचाया।

### हेड कांस्टेबल गायत्री देवी ने खेलों के मैदान में लहराया परचम

जयपुर आरएसी की महिला हेड कांस्टेबल गायत्री देवी ने न केवल खाकी का मान बढ़ाया, बल्कि खेलों में भी राज्य को गौरान्वित किया। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब तक कुल 9 गोल्ड, 7 सिल्वर और 1 ब्रोंज मेडल जीतकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया है।

### महिला गरिमा और सुरक्षा की रक्षक कांस्टेबल सरोज चौधरी

जयपुर आयुक्तालय अभय कमांड की कांस्टेबल सरोज चौधरी ने महिला गरिमा सेल 1090 में तैनात रहकर 4735 शिकायतों में से 4581 का निस्तारण किया। अश्लील फोन कॉल और छेड़छाड़ से पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने में उनकी भूमिका सराहनीय रही है।

### कांस्टेबल गंगा ने अपनी जान दांव पर लगाकर बचाई महिला की जिंदगी

बांसवाड़ा जिले के कोतवाली थाने की कांस्टेबल गंगा डामोर ने अदम्य साहस का परिचय दिया। जब उन्हें सूचना मिली कि एक महिला कागदी बड़ी नहर के तेज बहाव में बह रही है, तो गंगा ने बिना वक्त गंवा, उफनती नहर में छलांग लगा दी और डूब रही महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

### बैंक लुटेरों से भिड़ गई कांस्टेबल मेनका कुमारी

जयपुर पश्चिम के झोटवाड़ा थाने की महिला कांस्टेबल मेनका कुमारी ने तब अपनी वीरता दिखाई जब पंजाब नेशनल बैंक में फायरिंग कर लूट की कोशिश की गई। उन्होंने गोलीबारी के बीच अपराधियों को मौके पर ही दबोच लिया, जिससे बैंक कर्मचारी की जान बचाने और लूट को विफल करने में सफलता मिली।

### कांस्टेबल विमला की सूझबूझ ने पकड़ा लाखों की लूट का मामला

सिरोही जिले के आबूरोड सदर थाने की महिला कांस्टेबल विमला ने अपनी पैनी नजर से एक बड़ी लूट का खुलासा किया। रास्ते में संदिग्ध हालत में भाग रहे दो युवकों को देखकर उन्होंने तुरंत थाने पर सूचना दीए जिससे करीब 10 .69 लाख रुपये की लूट की राशि बरामद हुई।

### उग्र भीड़ के बीच देवदूत बनीं कांस्टेबल धोली बाई

जयपुर आयुक्तालय के मालपुरा गेट थाने की महिला कांस्टेबल धोली बाई ने सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की। उन्होंने 150-200 लोगों की उग्र भीड़ के बीच से एक विक्षिप्त महिला को सुरक्षित निकाला और उसे अस्पताल पहुँचाया, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई।

### खेलों में स्वर्ण और पुलिस का गौरव कांस्टेबल रितु राठौर

जयपुर आयुक्तालय की कांस्टेबल रितु राठौर ने अखिल भारतीय पुलिस वेटलिफ्टिंग और वॉलीबॉल कलस्टर 2023-24 में स्वर्ण पदक जीतकर पुलिस विभाग का नाम रोशन किया। उनकी यह उपलब्धि महिला खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# नगर भ्रमण पर निकले भगवान झूलेलाल

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** सिंधी समाज के इष्ट वरुणावतार भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव चेटीचंड के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया। शहर के झूलेलाल मंदिरों में प्रात: काल भगवान झूलेलाल का पंचामृत अभिषेक कर नवीन वस्त्र धारण कराए गए। ऋतु पुष्पों से भगवान का श्रृंगार किया गया। मीठे चावल, छोले और हलवे का भोग लगाया गया। मंदिर के शिखर पर लाल रंग की ध्वजा फहराई गई। महिलाओं ने हाथ में चावल, चीनी और जल लेकर अखो प्रार्थना की, झोली फैलाकर विश्व के मंगल कल्याण की पल्लव प्रार्थना से कामना की गई। सिंधी शहनाई की धुन और ढोल की ताल पर सिंधी लोक नृत्य छेज की प्रस्तुति दी गई। बच्चों के जनेऊ संस्कार हुए मुंडन संस्कार हुए। अध्यक्ष नरेंद्र मूलचंदानी और महासचिव प्रमोद नावानी ने बताया कि चौगान स्टेडियम से पूज्य सिंधी पंचायत पुरानी बस्ती के सहयोग से दोपहर 3 बजे शोभायात्रा के शुभारंभ का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य मंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि चेटीचंड का अर्थ है चैत्र मास का चंद्रमा उन्होंने कहा कि सिंधी समाज न केवल अपनी कर्मठता और ईमानदारी के लिए जाना जाता है बल्कि विभाजन की विभीषिका झेलने के बाद शून्य से शिखर तक अपने परिश्रम से पहुंचा है। मुख्यमंत्री ने भगवान श्री झूलेलाल से प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की और सभी को चेटीचंड की बधाई दी। संत मोनू राम ने कहा कि सदगुरु स्वामी टेऊँराम महाराज की आध्यात्मिक वाणी, दोहे, पड़ छंद, भजन आदि को पाठ्य पुस्तकों में शामिल करना चाहिए। छोटी चौपड़ पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भगवान झूलेलाल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और आरती की, उन्होंने सभी को चेटीचंड पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम में सांसद मंजू शर्मा, विधायक बाल मुकुंदाचार्य, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, पूर्व विधायक सुरेंद्र शर्मा सम्मिलित हुए। कार्यक्रम संयोजक नंदलाल लालवानी ने बताया कि कन्हैयालाल लखवानी को सिंधी सपूत की उपाधि दी गई। कन्हैया लाल लखवानी पिछले कई वर्षों से कई संस्थाओं से जुड़ कर समाजसेवा का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन चंद्र प्रकाश खेतानी ने किया ।

### 51 झांकियां हुईं सम्मिलित

प्रवक्ता तुलसी संगतानी और झांकी सचिव रमेश हरपलानी ने बताया कि इस बार 51 से अधिक झांकियां निकली। राधा कृष्ण की रासलीला की अलौकिक झांकी ने सभी का मन मोहा। नरसिंह अवतार की झांकी ने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। महल में भगवान झूलेलाल, कमल पर भगवान झूलेलाल, श्वेत अश्व पर भगवान झूलेलाल, बाहुबली हनुमान, अघोरी की झांकी आकर्षण का केंद्र थी। राजा दाहिर सेन की पुत्रियां सूर्या और परमाल की सजीव झांकी ने सबसे अधिक प्रभावित किया। इसके साथ ही कई अन्य कलात्मक झांकियां और सजीव झांकियां निकाली गई। पखवाड़ा सचिव अर्जुन मेहरचंदानी ने बताया कि पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते चल रहे थे। कई पंचायतों की बहिराणा साहब की झांकी को देख श्रद्धालु भाव विभोर हो रहे थे। समन्वयक हरीश असरानी और कोषाध्यक्ष दीपक वरंदानी ने बताया कि रास्ते में अनेक स्वागत द्वार बनाए गए थे, व्यापार मंडलों ने शोभायात्रा का अभूतपूर्व स्वागत किया। बिस्किट, शरबत, फल, सूखे मेवे वितरित किए गए। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होती कंवर नगर स्थित झूलेलाल मंदिर पहुंची जहां कंवर नगर पूज्य पंचायत ने सभी का स्वागत किया।

# ग्राम विकास अधिकारी 4 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने डूंगरपुर जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम विकास अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी ग्राम पंचायत माण्डली तहसील सीमलवाड़ा के ग्राम विकास अधिकारी रमेश चन्द्र सुवालका को 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी को मिली शिकायत के अनुसार परिवादी ने गांव में मकानों के पट्टे बनवाने के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि ग्राम विकास अधिकारी ने दोनों भाइयों के पट्टे बनाने के एवज में 8 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। परिवादी द्वारा 4 हजार रुपए देने के बाद एक पट्टा जारी कर दिया गया, जबकि दूसरे भाई का पट्टा जारी करने के लिए फिर से 4 हजार रुपए की मांग की जा रही थी। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी की टीम ने उप महानिरीक्षक डॉ. रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में पुलिस उप अधीक्षक रतन सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की। टीम ने आरोपी को रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उससे पूछताछ जारी है। आगे की जांच में अन्य तथ्यों की भी पड़ताल की जा रही है।

# नववर्ष और राजस्थान दिवस मनाया

निसं




**मुकुन्दगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) की स्थानीय इकाई कानोरिया कॉलेजए मुकुन्दगढ़ में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 नवसंवत्सर का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य एवं इकाई अध्यक्ष डॉ बीडी शर्मा सहित समस्त स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ शर्मा ने सभी को नव संवत्सर की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय नववर्ष सामाजिक व सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक है और राष्ट्र की एकात्मकता को दर्शाता है। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोलियां बनाकर उत्सव को विशेष रूप दिया। इस अवसर पर मिठाई का प्रसाद वितरित कर नव संवत्सर और राजस्थान स्थापना दिवस की खुशियां मनाई गई। कार्यक्रम में संस्था सहसचिव विकास कुमार बुद्धिया, इकाई सदस्य दीनदयाल मांगूसिंह शेखावत, राजेश कुमार सैनी, विद्याधर वर्मा सहित स्टाफ सदस्य, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवक एवं रोवर्स-रेंजर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज रेंजर प्रभारी मिनाक्षी शर्मा ने किया।

# आमजन को दिया धर्म व संस्कृति का संदेश

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे में गुरुवार देर शाम को हिंदी नववर्ष की संध्या पर मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने मंदिरों में दीप प्रज्वलित कर हिंदी नववर्ष के प्रारंभ होने पर खुशहाली की कामना की।

खेतड़ी कस्बे के मुख्य बाजार स्थित मुछो वाले श्रीराम मंदिर में महिलाओं द्वारा हिन्दु नववर्ष की संध्या पर दीप प्रज्वलित किए गए। महिलाओं ने कस्बे के अलग-अलग हिस्सों में जाकर मंदिरों में पुजा अर्चना कर समूह में टोलीया बनाकर श्री रघुनाथ जी चुंडावत मंदिर में पहुंचकर भजन कीर्तन किए। इसके अलावा दीप प्रज्वलित कर भगवान की आरती की। एडवोकेट संजय सुरोलिया ने कहा कि हिंदू नववर्ष का हमारे जीवन में बहुत अधिक महत्व है। धर्म के प्रति जागरूक होकर नई पीढ़ी को धार्मिक विचारधाराओं में जोड़ने की महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए।

हिंदू नववर्ष मनुष्य के जीवन में अनेक प्रकार की खुशियां व आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। प्रत्येक व्यक्ति को धर्म के प्रति सतर्क होकर धार्मिक संस्कारों की रक्षा करनी चाहिए। खेतड़ी को मिनी काशी के रूप में जाना जाता है। रियासत कालीन समय में खेतड़ी से अनेक मंदिरों का निर्माण करवाया गया था। रियासत कालीन समय में बने मंदिरों में परम्परागत तरीके से पुजा व उत्सव मनाएं जाते है। श्री रामायण समिति की ओर से रामनवमी के अवसर पर बेहतर आयोजन किया जाएगा तथा कस्बे में शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। हिंदी नववर्ष की संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में छोटे छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर संजय सुरोलिया, भाजपा नगर अध्यक्ष ज्योति भारद्वाज, सुनीता चोपड़ा, रेखा केजरीवाल, ममता शर्मा, कांता देवी, सुमन गजानंद कुमावत, राधिकांत शर्मा, सुनील कुमावत, सीताराम कुमावत, सुधीर गुप्ता, निवास सैनी, शिंभू दयाल शर्मा, सुरेश शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज के सानिध्य में युवा प्रकोष्ठ गठित

**जयपुर ( नवयत्न )।** आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज के आशीर्वाद से राष्ट्रीय गुरु आस्था परिवार के राजस्थान प्रदेश युवा प्रकोष्ठ का गठन किया गया। सांगानेर स्थित कंवर का बाग में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के दौरान इसकी घोषणा की गई। इसमें चेतन जैन निमोडिया को प्रदेश अध्यक्ष, सोनू जैन केकड़ी को महामंत्री तथा आशीष जैन सिरौली को प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। समारोह में समाज के कई पदाधिकारियों और जैन बंधुओं ने नव.नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। बताया गया कि युवा प्रकोष्ठ के माध्यम से प्रदेशभर के युवाओं को जोड़कर धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को और गति दी जाएगी।




## कार्यालय, प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय, हेतमसर (झुन्झुनू)

क्रमांक: राकमहे/स्था/2025/692 दिनांक:-19-03-2026

**ई-निविदा सूचना संख्या-01/2025-26**

कॉलेज शिक्षा विभाग में स्मार्ट क्लास रूम बनाने के लिये संवेदकों से प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय, हेतमसर द्वारा आमंत्रित ई निविदा सूचना संख्या-01/2025-26 निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 30.03.2026 समय प्रात: 11:00 बजे तक प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाइट www.eproc.rajasthan.gov.in व https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा का अनुमानित मूल्य 19.60 लाख रूपये है।

UBN NO-ECD2526GLOB00667

NIB NO-ECD2526A0642

प्राचार्य
राजकीय कन्या महाविद्यालय,
हेतमसर (झुन्झुनू)

## गणगौर महोत्सव पूरे परवान पर



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** सरदारशहर में गणगौर महोत्सव पूरे परवान पर है। गली-गली में गणगौर महोत्सव की धूम देखी जा रही है। नवविवाहिता, महिलाएं और युवतियां धूमधाम के साथ गणगौर महोत्सव मना रही है। यह त्योहार राजस्थानी लोक संस्कृति और महिलाओं का सबसे बड़ा त्योहार है। होली के दूसरे दिन से लेकर गणगौर पर्व तक महिलाएं बड़ी धूमधाम के साथ इस पर्व को मानती है और यह परंपरा वर्षो से चली आ रही है लेकिन बदलते वक्त और आधुनिक युग के साथ इस त्योहार में कई बदलाव देखने को मिले हैं। अब इस गणगौर महोत्सव के दौरान वह सब किया जाने लगा है जो एक शादी में होता है। अब सगाई से लेकर विवाह तक की सभी रस्मे गणगौर महोत्सव के दौरान निभाई जाने लगी है। शहर के वार्ड 18 में नवविवाहिता खुसबू सैनी शादी के बाद पहली बार अपने पीहर में गणगौर और ईशर की पूजा कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना कर रही है। इस दौरान बात भरने की रस्म निभाई गयी। इस दौरान प्रतिकारात्मक रूप से जयश्री सैनी भाई और अनु सैनी भाभी बनी। इस दौरान उपस्थित महिलाओं और युवतियों के साथ नवविवाहिताओं ने शानदार तरीके से नृत्य किया। इस अवसर पर जिस तरह से शादी में भात भर जाता है उसी तरह भात भरा गया। नव विवाहित खुशबू सैनी ने बताया कि हमने होलिका दहन के दूसरे दिन से ही गणगौर की पूजा शुरू कर दी थी। शीतला अष्टमी के बाद से कुम्हार के घर से मिट्टी लाकर उसकी गणगौर बनाई और अब प्रतिदिन शाम को घर-घर जाकर गणगौर माता की बिंदोरी निकाली जा रही है और रात के समय हम सभी मिलकर डीजे पर नृत्य करते हैं। उन्होंने कहा कि अब हमने भात की रस्म निभाई है, इससे पहले हल्दी मेहंदी और बाकी विवाह की सभी रस्मे निभाई गयी। इस दौरान खुशबू सैनी ने कहा कि विवाह के बाद यह मेरी पहली गणगौर है और हम सभी सहेलिया आपस में मिलकर बड़ी धूमधाम के साथ गणगौर महोत्सव को मना रहे हैं।


इस अवसर पर जयश्री सैनी ने बताया कि गणगौर और ईशर की पूजा शिव और पार्वती के रूप में की जाती है, महिलाएं इस पूजा को अपने सुहाग की लंबी कामना को लेकर करती है तो वही कुंवारी कन्या, अच्छे वर के लिए यह पूजा करती है। इस अवसर पर पूजा सैनी ने बताया कि होलिका दहन के दूसरे दिन शुरू हुआ त्योहार गणगौर की विदाई के साथ समापन हो जाएगा इतने दिन हमने अपनी सहेलियों के साथ खूब मौज-मस्ती की लेकिन अब दुख हो रहा है की गणगौर का समापन होने वाला है। सुनीता सैनी, अनु सोनी, दुर्गा सोनी, सुमन सोनी, सुनीता सैनी, निकिता सैनी, नन्दनी सैन, मंजू सैनी, राधिका सैनी, पूजा सैनी, माया सैन, रुपाली सोनी, कृष्णा सोनी, ज्योति सोनी, सिमरन सोनी आदि युवतियां और महिलाएं उपस्थित रही।

## ब्यूटी पेजेंट मिस एंड मिसेज राजस्थान ग्लैमर 2026 का ऑडिशन आयोजित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान के प्रतिष्ठित एवं सबसे बड़े ब्यूटी पेजेंट मिस एंड मिसेज राजस्थान ग्लैमर 2026 के अजमेर ऑडिशन का आयोजन शुक्रवार को पुष्कर स्थित सावित्री रिजॉर्ट में किया गया। इस इवेंट के टाइटल स्पॉन्सर सीएनएक्स न्यूज हैं, वहीं अवंता और देसी बिट्स को-पावर्ड पार्टनर्स के रूप में जुड़े हुए हैं। इसके साथ ही ऑफिशियल मीडिया पार्टनर्स भारत 24 और फर्स्ट इंडिया न्यूज तथा आउटडोर ब्रांडिंग पार्टनर एनएस एसजीएम आउटडोर्स इवेंट को व्यापक प्रचार.प्रसार प्रदान कर रहे हैं। आयोजक चिराग चौधरी और राकेश कुमार ने बताया कि आज इस ऑडिशन के अंतर्गत अजमेर एवं आस पास से मिस एवं मिसेज कैटेगरी की 18 से 35 एज ग्रुप की लगभग 500 मॉडल्स ने ब्लैक वन पीस ड्रेस ड्रेस कोड के अनुसार ऑडिशन में पार्टिसिपेट किया। शो के चयनित सेमीफाइनलिस्ट्स के लिए 3 दिन का विशेष ग्रूमिंग वर्कशॉप आयोजित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत इंडस्ट्री एक्सपर्ट द्वारा पोर्टफोलियो शूट, टैलेंट राउंड, योगा व मेडिटेशन, सेल्फ कॉन्फिडेंस, स्टाइलिंग इत्यादि से जुड़े पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 11 अप्रैल को जयपुर स्थित रामाज रिसॉर्ट में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में टॉप विनर्स के साथ साथ अन्य विजेताओं को ढेरों ग्रैंड प्राइजेस दिए जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि यह पेजेंट राजस्थान की उभरती मॉडल्स और प्रतिभाशाली महिलाओं को एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है, जहां वे अपने आत्मविश्वास, सौंदर्य और व्यक्तित्व का प्रदर्शन कर सकें। यह आयोजन प्रतिभा, सौंदर्य और महिला सशक्तिकरण का उत्सव है, जो राजस्थान के फैशन और ग्लैमर इंडस्ट्री में नए मानक स्थापित कर रहा है। ऑडिशन के दौरान ज्योति पुनिया सुपर मॉडल, मिताली व्यास सीनियर मॉडल, जसवेंद्र सिंह जनरल मैनेजर, सावित्री रिजॉर्ट, पुष्कर बतौर जूरी मेंबर उपस्थित रहे, जिन्होंने कैंडिडेट्स के टैलेंट को विभिन्न चरणों में परखा। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित हस्तियां भी उपस्थित रहेंगी, जिनमें सीएनएक्स न्यूज के ऑनर मोहित तिवारी, आरआर होटल एंड बार के ऑनर हैप्पी सिंह टाक, सावित्री रिजॉर्ट पुष्कर के डायरेक्टर विकास महावर शामिल रहे।

## नगरपालिका सभागार में वार्ड सभा का आयोजन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री महोदय के बजट घोषणा वर्ष 2026 27 के घोषणा बिंदु संख्या 56 के क्रम में मुख्यमंत्री विकसित शहर अभियान का आयोजन दिनांक 19 मार्च से 15 मई2026 तक पालिका द्वारा अभियान की रूपरेखा तैयार कर करवाया गया है जिसमें आज पालिका के समस्त कर्मियों द्वारा वार्ड के जनप्रतिनिधि एवं लाभार्थियों तथा सदस्य गनो द्वारा वार्ड सभा का आयोजन किया जाकर उसमें विकसित शहर अभियान को सफल बनाए जाने एवं कार्य के प्रति जागरूक किया जाकर अभियान का आगाज किया गया। इस मौके पर पालिका ईओ अजय प्रताप सिंह द्वारा अभियान को निरंतर विकसित की ओर बधाई जाने पर विचार व्यक्त किए गए तथा पालिका के कार्मिक लक्खू सिंह शेखावत, सहायक प्रशासनिक अधिकारी त्रिशूल सिंह भाटी, आयुष वर्मा, विकास, सुरेंद्र, पवन कुमार, महेंद्र, रंजीत, हेमराज, दुलीचंद, शशि कुमार चंदेलिया आदि उपस्थित रहे।

# सिंजारे पर गणगौर के हाथों पर लगाई मेहंदी

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** सुहाग पर्व गणगौर से पूर्व शुक्रवार को गणगौर का सिंजारा मनाया गया। सिंजारा पर्व पर रामगंज बाजार स्थित लाड़लीजी मंदिर में ठाकुरजी को ललित संप्रदायाचार्य महंत डॉ. संजय गोस्वामी के सान्निध्य में केसर, पिस्ता, बादाम युक्त मक्खन, रबड़ी, रबड़ी, आम, मेवा, फलों तथा विशेष व्यंजनों का भोग लगाया गया। नव विवाहिताओं के पीहर से सिंजारा आया। सिंजारे में मिठाई, घेवर के साथ कपड़े आए। सुहागिन महिलाओं ने गणगौर पूजन के लिए हाथों पर मेहंदी लगाई और रुप संवारा। गणगौर के भी मेहंदी लगाई गई। साथ ही मिट्टी के ईसर और गणगौर की खरीदारी भी की। नवविवाहिताओं को उनके ससुराल से श्रृंगार सामग्री, कपड़े और घेवर आदि सिंजारे में आए। कई मंदिरों में भी सिंजारा महोत्सव मनाया गया।

### शिव-पार्वती के अटूट प्रेम का प्रतीक है गणगौर पर्व

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार माता गवरजा मां पार्वती होली के दूसरे दिन अपने पीहर आती हैं और आठ दिनों के बाद भगवान शिव ईसरजी उन्हें वापस लेने के लिए आते हैं। फिर चैत्र शुक्ल तृतीया को उनकी विदाई होती है। होली के दूसरे दिन यानी कि चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से सुहागिन महिलाएं और कुंवारी कन्याएं मिट्टी के शिवजी यानी गण एवं माता पार्वती यानी की गौर बनाकर प्रतिदिन पूजन करती हैं। इन दिनों में महिलाएं रोज सुबह उठकर दूब और फूल चुनकर लाती हैं। उन दूबों से दूध और पानी के छींटे मिट्टी की बनी हुई गणगौर माता को देती हैं। फिर चैत्र शुक्ल द्वितीया के दिन किसी नदी, तालाब या सरोवर पर जाकर पूजी हुई गणगौरों को पानी पिलाती हैं यानी बिंदोरा निकालती है। चैत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया को शाम के समय उनका विसर्जन कर देती हैं। गणगौरों के पूजा स्थल गणगौर का पीहर और विसर्जन स्थल ससुराल माना जाता है। गणगौर पूजन करने वाली महिलाओं के घरों में शुक्रवार को गुणे-शक्करपारे बनाए गए। सुहागिन महिलाएं 8 गुणे और कुंवारी कन्याएं 16 गुणे माता को अर्पित करेंगी। घेवर का भोग भी लगाया जाएगा।

## भगवान झूलेलालजी की आरती कर प्रसादी बाटी



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पूज्य सिंधी पंचायत डिफेंस कॉलोनी श्री चन्द्र नगर गुर्जर घाटी आमेर रोड की ओर से चेटीचंड के पावन पर्व पर गुर्जर घाटी पंचायत की ओर से कार्यक्रम में झूलेलाल की आरती कर प्रसादी छोले, ब्रेड, चॉकलेट, फ्रूटी, कोल्ड ड्रिंक, चॉकलेट, चिप्स क्रीमरोल, बिस्कुट, बहुरंगी कैलेंडर, आदि वितरित किए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जयपुर शहर की लोकप्रिय सांसद मंजू शर्मा रही पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मुख दौलत त्रिलोकानी बताया कि कार्यक्रम में समाजसेवी तुलसी त्रिलोकानी गिरधारी कृष्णानी, किशन पूजानी, अजय मूलचंदानी, कुंदन लाल पठानी, मंडल अध्यक्ष अमित पारीक, राजेश टहलानी, पूर्व चेयरमैन राजेश गुप्ता, पूर्व पार्षद विक्रम सिंह तंवर, प्रदीप मिश्रा,करन अलवानी, शशिकांत शर्मा, राजेश गोपलानी, मदन नागर, विजय हासानी, धर्मेंद्र त्रिलोकानी, मुकेश टॉक , खेमचंद केलवानी, श्याम कमलानी, महेश खटवानी, मुकेश मोतियानी, सुरेश मीणा शेट्टी, मुकेश तोतलानी, पुरुषोत्तम उमरनानी, मदन शर्मा, सीताराम गुर्जर, धर्मेंद्र पमनानी, मनीष सोगानी, राजेश परचानी,मनोज जेसवानी, ताराचंद चावला, कमल गिरी, तरुण मोटवानी,रामनारायण वेद, हेमंत जयसिंघानिया, प्रकाश समलानी, अक्षय रजवानिया, नरेंद्र जेठवानी, नरेश मंगलानी, सोनू, दौलत कुमार वासवानी, इंदर कुमार दादलानी, प्रदीप कोड़मलानी, कार्तिक वासवानी पदमा हेमनानी, अंजना त्रिलोकानी, लक्ष्मी देवी, पूनम दादलानी, मुस्कान गोविंद दानी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सांसद मंजू शर्मा ने सभी प्रदेशवासियों को चेटीचंड पर्व की शुभकामनाएं दी कार्यक्रम में भगवान झूलेलाल के भजनों पर सभी ने डांस किया.

## चूरू महोत्सव-2026 के दूसरे दिन आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने व सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में चूरू जिला मुख्यालय पर बागला स्कूल खेल मैदान में पंच गौरव योजना के तहत चूरू महोत्सव 2026 के दूसरे दिन बागला स्कूल खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने ऊर्जा और उत्साह से भाग लिया। शुक्रवार को समारोह स्थल पर कला मंच ने वादन, गायन, लोक गीत गायन, एकल नृत्य एवं रस्साकसी समूह प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। रस्सा-कस्सी में प्रतिभागियों ने जबरदस्त दमखम और टीम भावना का परिचय दिया। हर खींचातानी के साथ दर्शकों की तालियां गूंज उठीं। वहीं एकल नृत्य प्रतियोगिता में कलाकारों ने अपनी अभिव्यक्ति और भाव.भंगिमा से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### यह रहे विजेता

शुक्रवार को आयोजित वादन प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में गौरव दाधीच प्रथम, वंश जांगिड़ द्वितीय, सीनियर वर्ग में रितेश प्रजापत प्रथम, जिग्नेश पांडे द्वितीय, डॉ कमल वशिष्ठ तृतीय, एकल गायन प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में वंश सिंह प्रथम, अनाया खेमका द्वितीय, अमूल्या वर्मा तृतीय, सीनियर वर्ग में अलंकृता वर्मा प्रथम रितेश प्रजापत द्वितीय, डॉ कमल वशिष्ठ तृतीय,उलोक गीत गायन प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में रितेश प्रजापत प्रथम, अंकुशा द्वितीय, रजनी प्रजापत तृतीय, एकल नृत्य प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में अनुष्का जांगिड़ प्रथम, कनिका चौधरी द्वितीय, माधव शर्मा तृतीय, सीनियर वर्ग में सोनू प्रथम, लक्ष्मी शर्मा द्वितीय, आदित्य सोनगरा तृतीय एवं रस्साकसी समूह प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में हरिप्रसाद सैनी की टीम प्रथम तथा महिला वर्ग में रिषिका की टीम प्रथम व ज्योति की टीम द्वितीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल में एकता शर्मा, ऋतु दाधीच, पूनम हर्षवाल, नरेश, लक्ष्मी शर्मा, अभिलाषा भाटी, दीपिका शर्माज शैलेंद्र माथुर्ज राजकुमार शर्मा, प्रभुदयाल सैनी, देवकीनंदन, शेरसिंह आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संचालन मुकुल भाटी, बजरंग हर्षवाल और शिवकुमार शर्मा ने किया।

### आज आयोजित होगी यह प्रतियोगिताएं

इसी क्रम में शनिवार, 21 मार्च को सवेरे 10 बजे से मिसमिसेजमिस्टर चूरू पारंपरिक परिधान प्रतियोगिता, सवेरे 11 बजे से मेहंदी प्रतियोगिता, दोपहर 12 बजे से विचित्र वेशभूषा एवं दोपहर 01 बजे कविता पाठ मौलिक सृजन स्वरचित व काव्य प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## कबूतरों के आवास के निर्माण हेतु धरती पूजन एवं नींव मुहूर्त संपन्न

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** जहां चाह, वहां राह की कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है जीव सेवा समिति, अजीतगढ़ की कार्यकारिणी ने, जिसने शांति के प्रतीक कबूतरों के सपनों के महल की कल्पना की थी और उसे साकार रुप प्रदान करने का शुभारंभ किया। श्री श्याम वाटिका धाराजी में शांति के प्रतीक कबूतरों के प्रस्तावित 6 मंजिला आवास का गुरुवार चैत्र नवरात्रि घट स्थापना एवं हिन्दू सनातनी नववर्ष के शुभ दिन पण्डित महेश जोशी द्वारा विधि-विधान एवं पूजा अर्चना के साथ धरती-पूजन एवं नींव मुहूर्त सम्पन्न हुआ। निर्माण कार्य शुरू होते ही जीव सेवा समिति कार्यकारिणी के सदस्यों ने हर्ष ध्वनि के साथ खुशी का इजहार किया। जीव सेवा समिति अध्यक्ष महेश दीवान ने बताया कि कार्यक्रम में संत बालकदास महाराज, संत गंगादास महाराज, संत नागा धाम के साथ-साथ भामाशाह दुर्गा प्रसाद कानूनगो, डॉ मंगल यादव, देवीसिंह हथौरा, मनीष शर्मा, नीलकमल सिखवाल, देवेन्द्र सिंह बड़गुर्जर, मनोज शर्मा, शुभम अग्रवाल, छीतरमल, अनिल गोठवाल आदि की उपस्थिति रही। महिला शक्ति ने परम्परागत तरीके से गीत भजन गाकर कार्यक्रम को और अधिक रौचक बना दिया। विदित रहे कि शांति के प्रतीक कबूतरों के आवास का जीव सेवा समिति का एक विलक्षण सपना था जिसको गुरुवार के शुभ दिन अमली जामा पहनाया गया। तकरीबन 5 लाख 50 हजार रुपयों की लागत से बनने वाले इस 6 मंजिला आवास के निर्माण में सहयोग करने वालों की फेहरिस्त बड़ी लम्बी-चौड़ी है। जीव सेवा समिति कार्यकारिणी सदस्यों ने सभी का आभार व्यक्त किया। उपस्थित संत-महात्माओं एवं गणमान्य नागरिकों का यथोचित स्वागत अभिनन्दन सम्मान किया गया। अध्यक्ष महेश दीवान ने बताया कि दानदाताओं के सहयोग से शीघ्र ही यह करीब 720 फ्लेटों वाला आवास तैयार हो जाएगा जिसमें शांति के प्रतीक कबूतर सुरक्षित रुप से जीवनयापन कर सकेंगे।

## आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना में स्वास्थ्य प्रशिक्षण आयोजित



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर मलिकपुर में आरोग्य मित्र और आरोग्य सखी का स्वास्थ्य प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा घोषित आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत ये कार्यकर्ता गांव-गांव जागरुकता का निर्माण कर ग्राम पंचायत को आदर्श ग्राम बनाने का काम करेंगे। योजना के उप समन्वयक डॉ चंद्र प्रकाश व्यास ने सभी आरोग्य मित्र और सखियों को बीपी, शूगर, हीमोग्लोबिन टेस्ट करना सिखाया। पीएचसी प्रभारी डॉ राकेश कुमार चौधरी ने बच्चों व महिलाओं के स्वास्थ्य पर चर्चा करते हुए टीकाकरण सारणी को समझाया। सीएचओ राजकुमार वर्मा ने एनिमिया पर प्रदर्शन करते हुए संतुलित आहार के महत्व को बताया। औषधालय प्रभारी डॉ मनोज मीणा ने वनौषधियों का परिचय देते हुए घरेलू उपचार पर जानकारी साझा की। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी बलवीर सिंह ने सभी का आभार प्रकट किया । इस प्रशिक्षण में सभी ने गहरी रूचि दिखाई।



## नवोदय विद्यालय में चयनित दोनों छात्राओं का किया सम्मान

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** ओम न्यू ग्लोबल सेकेंडरी स्कूल पृथ्वीपुरा रोड श्रीमाधोपुर की नवोदय विद्यालय पाटन में कक्षा 6 में चयनित छात्रा इशीका मीणा पुत्री राजेंद्र कुमार निवासी हाँसपुर और अनुष्का मीणा पुत्री रणवीर मीणा निवासी पृथ्वीपुरा का विद्यालय परिवार द्वारा माला, साफा और स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर मोतीलाल सैनी ने बताया कि डीजे द्वारा जुलूस आसपास की ढाणियों, गांव में निकाल कर सम्मान किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए स्कूल के डायरेक्टर सैनी ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को विशेष रूप से नवोदय की तैयारी करवाई जाती है। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चे और अभिभावक और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।




## आकाश जयपुर ने नए बैचेज के लिए किया भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आकाश इंस्टीट्यूट, जयपुर द्वारा जेईई की तैयारी के लिए नए सत्र की शानदार शुरुआत की गई। इस अवसर पर दीप स्मृति ऑडिटोरियम में एक भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम प्रारम्भ 202 का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 8,9 और 10 के फाउंडेशन बैच के साथ-साथ कक्षा 11 और जेईई बैचों के 2000 से अधिक छात्रों और अभिभावकों ने भाग लिया। इस मोके पर आकाश राजस्थान के रीजनल डायरेक्टर श्री अखिलेश दीक्षित ने कहा, आकाश इंस्टीट्यूट में हम वेल्यूज को बहुत महत्त्व देते है और इसलिए निरंतर अच्छा रिजल्ट लाते है। उन्होंने बच्चों को कोम्प्रेहेंसिव तरीके से समझने और सोचने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने नए सत्र के शुभारंभ पर छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए श्स्टूडेंटस फर्स्ट की आकाश फिलॉसफी को साझा किया और बताया कि आकाश सिर्फएक कोचिंग नहीं, बल्कि छात्रों की शैक्षणिक और व्यक्तित्व विकास की एक समर्पित प्रणाली है, जहाँ अनुशासन, व्यक्तिगत देखभाल और नियमित परामर्श सर्वोपरि हैं। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों और अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आगामी वर्ष की पूरी अकादमिक योजना, टेस्टिंग प्रणाली, मेंटरशिप और सफलता के ट्रैक पर बने रहने के लिए आकाश की रणनीति को विस्तार से बताया।

कार्यक्रम में हाल ही में घोषित जेईई मेन फेज 1 2026 के परिणामों में 99 परसेंटाइल स्कोर करने वाले जयपुर के जेईई के 30 छात्रों को भी मंच पर सम्मानित किया गया, जिससे छात्रों में उत्साह और आत्मविश्वास की लहर दौड़ गई। इसके अतिरिक्त 30 और बच्चों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। इस दौरान आकाश इंस्टिट्यूट की लर्निंग एंड डेवलपमेंट हेड, गरिमा अरोड़ा भी मौजूद रहीं। उन्होंने बच्चों को दबाव को ऑपर्च्युनिटी में बदल कर अपने ऊपर विश्वास करते हुए हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। आकाश जयपुर का यह आयोजन विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण की दिशा में एक सशक्त पहल है, जो संस्थान की गुणवत्ता, अनुशासन और छात्र.केंद्रित दृष्टिकोण को और भी सुदृढ़ करता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190